>

Title: Further discussion on the Motion of Thanks on the President's Address moved by Dr. Girija Vyas and seconded by Dr. Shashi Tharoor on the 13th March, 2012 (Discussion not concluded).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we will take up Item No.10.

Hon. Members whose amendments to the Motion of Thanks have been circulated, may, if they desire to move their amendments, send slips at the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the amendments they would like to move.

...(*Interruptions*)

14.55 hrs

At this stage, Shri P. Kumar and some other hon. Members came

and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Only those amendments, in respect of which slips are received at the Table within the stipulated time, will be treated as moved.

A list showing the serial numbers of amendments treated as moved will be put up on the Notice Board shortly thereafter. In case any Member finds any discrepancy in the list, he may kindly bring it to the notice of the Officer at the Table immediately.

Now, Shri Syed Shahnawaz Hussain

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, the hon. Minister for External Affairs is coming shortly.

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, the hon. Minister is coming. He is on his way. This is a simple accommodation that we are seeking from the hon. Members.

14.56 hrs

At this stage, Shri O.S.Manian and some other hon. Members

went back to their seats

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): उपाध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूं और अपनी लीडर श्रीमती सुषमा स्वराज जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे बोलने का यह मौका प्रदान किया है। राÂष्ट्रपति जी के अभिभाÂषण में इस सरकार ने जो पहला पॉलिसी डॉक्यूमेंट दिया है, उसमें सरकार ने अपने तीन साल बीत जाने पर अपनी पीठ थपथपाने का काम माननीय राष्Âट्रपति जी की ज़ुबान से करवाने का काम किया है। इस राष्ट्रपति अभिभाÂषण में जिस तरह से एक गीत के लिए गीतकार कोई और होता है और संगीतकार कोई और होता है और वह गीत किसी और की आवाज में सुना जाता है। उसी तरह से कांग्रेस और उसकी सरकार और उनके कैबिनेट के जरिये राÂष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हम सबको उम्मीद थी कि सरकार नींद से जागेगी क्योंकि विपक्ष की तरफ से हमने जगाने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हम जगाते रहते हैं लेकिन ये मानते नहीं हैं। इनकी नींद गहरी है और सोने के मामले में जो कुंभकर्ण का रिकार्ड है, वह भी तोड़ने पर कांग्रेस आमादा है। कुंभकर्ण को जगाने के लिए लड्डू, पेड़े और नगाड़ा होता था लेकिन इस बार इनको जाने के लिए नगाड़े बजा दिये गये हैं, विपक्ष से नगाड़े बजे हैं लेकिन देश में जो चुनाव हुआ है, जनता ने नगाड़ा बजाया है लेकिन उसके बाद भी ये होश में नहीं आए हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत आश्चर्यचकित हूं जब मैं कांग्रेस के नेताओं की शक्ल देखता हूं तो ऐसा महसूस होता है कि उनके कांफीडेंस में कमी नहीं है। ये जिद पर आमादा हैं कि हम नहीं सुधरेंगे। उत्तर प्रदेश में चुनाव हुआ, हमारे लिए भी नतीजे बहुत उत्साहवर्धक नहीं हैं लेकिन उत्तर प्रदेश में तो कांग्रेस की प्रतिÂठा दांव पर लगी थी बल्कि एक सबसे बड़े परिवार की प्रतिÂष्ठा भी दांव पर लगी थी।

15.00 hrs.

मैं अपनी पार्टी का प्रवक्ता हूं, मैंने भविÂयवाणी की थी और मुझे लगता है कि बिना ज्योतिÂष विज्ञान पढ़े हुए शक्ल देखकर ख्याल आया था कि अगर ये जीत जाएंगे तो कहा जाएगा युवराज की जीत है और विजय प्राप्त नहीं हुई तो किसी न किसी नेता की बलि चढ़ेगी। महामहिम राÂष्ट्रपति जी के अभिभाषण में हमें उम्मीद थी, ये इतने दिन तक तो कॉन्फिडेंस में जीते रहे। 206 वोट मिले लेकिन रुआब 412 वाला है। राजीव गांधी जी को अपार बहुमत मिला था तब विपक्ष की बहुत हैसियत नहीं थी और तब भी विपक्ष की बात नजरअंदाज थी। नजरअंदाज करने वालों के लिए 1984 के बाद 1989 आया, आपको इतिहास याद रहता है। आजकल ये इतिहास के नाम पर सिर्फ एनडीए सरकार से तुलना करते हैं। जब टूजी लाइसेंस की बात होती है तो कहते हैं कि एनडीए सरकार के समय में यह रेट था। नेहरु जी, इंदिरा जी के समय का रेट क्यों याद नहीं रखते हैं? उसी रेट में दे देते, आपको हमारा ही याद रहता है। आपको याद नहीं रहता, नेहरु जी के समय में जीप कांड हुआ था तब नैतिकता के आधार पर निर्णय होते थे। आज नेहरु जी की तस्वीर तो आप लगाते हैं लेकिन वह नैतिकता आपको याद नहीं रहती।

इस सरकार के बारे में कल हेवी डोज़ राजनाथ सिंह जी ने दी थी। मैं छोटा डोज़ देकर होम्योपैथिक इलाज करने आया हूं। लेकिन असर नहीं होता। हमें भी चिंता होती है कि एक बड़ी पार्टी जिसके पास बहुत बड़ी विरासत है, जिसका झंडा भारत के झंडे से मिलता-जुलता है। आपको लोग पहचानने लगे हैं। मैं उन बातों को रिपीट नहीं करूंगा जो हमारे नेता राजनाथ जी ने कही हैं। मुझे कहते हुए बड़ा दुख होता है कि सरकार महामहिम राÂट्रपति के अभिभाÂाण में महंगाई को एड्रेस करती। सरकार एहद करती, अज़म भरती की हम किसी भी शर्त पर भ्रÂष्टाचार पर समझौता नहीं करेंगे। लेकिन सरकार ऐसा कुछ करने में पूरी तरह नाकाम रही है। मैंने अभिभाÂषण को मिलाया है लेकिन इन्हें आखिर जरूरत क्या पड़ी कि महामहिम राÂष्ट्रपति जी की जुबान से ईमानदारी का सर्टीफिकेट लिया? किसने लिया, यह सबको पता है। मैं भी कैबिनेट मिनिस्टर रहा हूं। बालू जी, आप भी साथ थे। महामहिम राÂष्ट्रपति जी के अभिभाÂषण पर पूरी तरह चर्चा करके लेकिन पहले पैरा में लिखा है - मेरी सरकार ईमानदार, यानी खुद अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। कीर्ति आजाद जी ने सही कहा है - अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं। कालेधन के इश्यू पर दो-चार शब्द बोल दिए, कह दिया कि व्हाइट पेपर लाएंगे लेकिन उसके लिए कुछ नहीं किया। इन्हें जिन इश्यूज़ पर भ्रÂटाचार के विरुद्ध कदम उठाना चाहिए, उसके बारे में कुछ नहीं किया।

शिक्षा के क्षेत्र में कपिल सिब्बल जी बहुत विद्वान हैं। जब मैं राजनीति में पार्लियामेंट में नहीं था तब मैं एक बार पार्लियामेंट की कार्यवाही देखने आया था। तब मैंने कपिल सिब्बल जी को देखा था। रामास्वामी जी एक बड़े ईमानदार थे, कांग्रेस के लोगों ने सिम्बल माना था और उन पर महाभियोग चला था। तब यहां कपिल सिब्बल जी को दरवाजे के अंदर आने की इजाजत नहीं थी। वे करप्शन के वकील बनकर आए थे यानी संसद के दरवाजे पर पहला कदम भ्रÂष्टाचार को डिफेंड करने का था।

तभी उनकी पहचान बनी थी और आज कांग्रेस को वकीलों की सख्त जरूरत है। ऐसे कई नेता वकील होते हैं, हमारी लीडर श्रीमती सुÂषमा स्वराज भी वकील हैं। ...(व्यवधान) हमारे यहां लॉयर हैं, लेकिन लायर नहीं हैं। हमारे यहां लायर नहीं हैं, हमारे यहां लॉयर हैं। पवन जी भी अच्छे वकील हैं। आज वकीलों की पूछ बहुत बढ़ गई है। पवन जी और हमारी नेता इकट्ठे पढ़े हैं, शुरू के एक-दो साल तक तो पवन जी बहुत कोऑपरेट करते थे, लेकिन बीच में सोहबत का असर हो गया, ऐसे ही कांग्रेस के लोगों का एरोगेन्सी लैवल बढ़ रहा है। सरकार का जो एरोगेन्सी लैवल है, उसमें मंत्री यह समझ रहे हैं कि वे परमानैन्ट बैठ गये हैं। जबकि वह सीट परमानैन्ट नहीं है, जब हम इधर से देखते हैं तो हमें याद आता है कि हम भी वहां बैठते थे। यदि हम इधर की सीट को याद रखेंगे तभी उधर बैठ पायेंगे। लेकिन कपिल सिब्बल साहब के पास अपर मंत्रालय है, जो जितना बड़ा वकील है, उसे उतना बड़ा मंत्रालय मिला है। श्री सलमान खुर्शीद जी भी वकील हैं, उन्हें माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय दिया गया है। मैं उस पर बाद में आऊँगा, उनके पास कोई काम नहीं था, इसलिए उन्हें एक और मंत्रालय देना पड़ा। सिबल साहब के पास भी बहुत काम है। 2जी स्पैक्ट्रम में उन्हें जीरो लॉस दिखा था और अब उनके पास शिक्षा मंत्रालय है। जब भी वह शिक्षा की बात करते हैं तो भारतीय शिक्षा प्रणाली को कैसे बर्बाद करना है, इसकी पूरी तैयारी उनके पास है, उनसे ज्यादा तैयारी किसी के पास नहीं है। आज दिल्ली यूनिवर्सिटी में मैं देखता हूं कि जितने मैम्बर ऑफ पार्लियामैन्ट हैं, उनके पास लोग एडमिशन के लिए आते हैं। आम आदमी के बच्चों का एडमिशन नहीं हो रहा है। दिल्ली में कांग्रेस सरकार के संसदीय सचिव, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन दिल्ली में उनकी सिफारिश पर फर्जी सर्टिफिकेट पर उनकी अपनी बेटी का एडमिशन हुआ और लिखकर भेजा कि मैं ये दो नाम भेज रहा हूं, आप इनके एडमिशन कर लें। दिल्ली यूनिवर्सिटी दिल्ली सरकार के अंडर नहीं है। यह कपिल सिबल साहब के मंत्रालय के अंडर है, यह सैंट्रल यूनिवर्सिटी है। जब वहां पर कांग्रेस संसदीय सचिव अपनी बेटी का एडमिशन फर्जी सर्टिफिकेट पर करवा रहे हैं तो स्टूडैन्ट्स के मन में किस तरह की फीलिंग्स होंगी। आज दिल्ली के अंदर उन पर मुकदमा कायम होना चाहिए। लेकिन उन पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा है। जब उनके बच्चे का सर्टिफिकेट उड़ीसा की ओपन यूनिवर्सिटी से चैक कराया गया तो लिखकर आया कि वह फर्जी सर्टिफिकेट है। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, फिर भी राÂष्ट्रपति जी से कहलवा रहे हैं कि यह बहुत ईमानदार सरकार है। कम से कम राÂट्रपति जी की जुबान से ऐसी बात मत कहलवाइये, अपने आप ही खड़े हो जाइये। अभी आपके वक्ता खड़े होंगे, आप खुलकर बोलिये कि मैं ईमानदार हूं, मैं ईमानदार हूं। आप इसका ढिंढोरा पीटिये, लेकिन पब्लिक है, ये सब जानती है कि आप क्या हैं। इसलिए मैं आज बहुत जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि आज शिक्षा को भी आपने पूरी तरह से बर्बाद करने का काम किया है। आपको 2जी में जीरो लॉस दीख रहा था, लेकिन यहां शिक्षा के क्षेत्र में पूरा जीरो लॉस हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जिस मंत्रालय में सिबल साहब जायेंगे, वहां कुछ होने वाला नहीं है।

महोदय, हमारे यहां बिहार में एक सैंट्रल यूनिवर्सिटी बनी, बिहार के मुख्य मंत्री, श्री नीतीश कुमार जी ने कहा कि इसे मोतिहारी में बनाइये, लेकिन उन्होंने उसे

मोतिहारी में नहीं बनाना है। यहां से टर्म डिक्टेट कर रहे हैं कि यह मोतिहारी में नहीं बनेगी। बल्कि जो सिबल साहब कहें "न खाता न बही, जो सिबल कहे वही सही"। यह नहीं चल सकता है। यदि महात्मा गांधी के नाम पर चंपारण में वह विश्वविद्यालय बनना है तो जानबूझकर उसमें दिक्कत पैदा करनी है। गया में मिलिट्री की जमीन लेना चाहते हैं। लेकिन मैं बहुत आदर से कहना चाहता हूं कि बिहार के साथ यह अन्याय बंद करना चाहिए।

इसके अलावा एक छोटा सा विषय है, जो मैं इसमें जोड़ना चाहता हूं। आपने बड़ी-बड़ी स्कीम्स बना ली हैं। आज सरकार की हालत यह है कि पहले जब यूपीए-1 सरकार बनी थी तो दो सौ करोड़ रुपये रोज का कर्ज लेती थी और घी पीती थी, लेकिन अब यह 1200 सौ करोड़ रुपये का कर्ज लेकर घी पी रही है।

सरकारी खर्च बढ़ता जा रहा है। आज देश में कहा जाता है कि आर्थिक मंदी है। कल थरूर जी कह रहे थे कि विदेशों में हमारे प्रधानमंत्री जी का बड़ा नाम है। मैं भी उनका बड़ा आदर और इज्जत करता हूँ। लेकिन आप लोग विदेश के नाम पर बड़े खुश होते हैं और कहते हैं कि विदेशों में बड़ी इज्जत है। मैं कहता हूँ कि पंजाब में इज्जत है नहीं, उत्तर प्रदेश में इज्जत है नहीं, गोवा में इज्जत है नहीं। इज्जत क्या होती है। राजनेता की इज्जत वोट से होती है। मिनी चुनाव में आपकी सरकार के खिलाफ वोट पड़ा है और आप हमसे कहते हैं कि आप अपना हाल देखिए। पवन बंसल जी को डबल ड्यूटी करनी पड़ रही है। इनके संसदीय कार्य राज्य मंत्री रावत जी ने उत्तराखण्ड में बगावत का ऐलान कर दिया है। आप एक सीट ज्यादा जीत गए थे तो बड़े खुश हो रहे थे। आपके 18-20 लोग यहीं बैठे हैं, उनमें से कोई गया नहीं है। अब एक मणिपुर में जाइए और वहां जा कर जितना जश्न मनाना है मनाइए, जितनी होली खेलनी है, वहीं खेल कर आइए। आपका मनी से रिश्ता भी बड़ा रहा है। आपकी पार्टी मनी-माइण्डिड हो गई है। तो जाइए मणिपुर में, वहां की जनता ने आपको वोट दिया है। आपको मुबारक हो। लेकिन आपको सिर्फ मणिपुर में ही बहुमत मिला है।

मैं आपके सामने दो बातें जरूर रखना चाहता हूँ। आप तो अल्पसंख्यकों के लिए दुबले होते जा रहे हैं, आप लोगों का वजन घट रहा है। अल्पसंख्यक जो नहीं मांगते हैं वह भी दे देते हैं। आजादी के 63 साल बीत गए, आपने उत्तर प्रदेश के चुनावों से ठीक पहले सच्चर कमेटी बना दी थी और उत्तर प्रदेश के चुनावों के ठीक पहले आपको अल्पसंख्यकों की याद सताती है। कितना काम करें आप? कितना पानी डालें आप? कांग्रेस पाटी अल्पसंख्यकों के लिए उल्टा घड़ा है। जितना पानी डालेंगे उसमें से एक बूंद भी अंदर जाने वाली नहीं है। लोग आपको पहचान चुके हैं। आपके यहां कहा गया था कि उत्तर प्रदेश के लोगों को गुस्सा नहीं आता है। अब देखिए आप पर कितना गुस्सा आया है। और वह गुस्सा वोट के जरिए दिखा दिया है। एक तरफ आप कहते हैं कि लोकपाल बिल पास करेंगे, यहां से 272 का आंकड़ा है कि नहीं। मैं जब भी इधर से देखता हूं तो ये सीटें खाली नजर आती हैं। मुझे कई बार लगता है कि इनसे ज्यादा तो हम इधर बैठे हैं तो फिर ये हुकूमत में कैसे हैं? एक बार आज़मा भी लिया है, अभी-भी ज्यादा खुश मत होइए। कहीं राÂष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर ही हम आपको आजमा न लें। उतना ही खुश होना चाहिए, जितनी खुशी बरकरार रह जाए। आप 272 का आंकड़ा लोकपाल पर तो जमा नहीं कर पाए। वह तो आपके लोगों का बहुत बड़ा सपना था। यहां 272 जमा नहीं कर पाए और एक कमजोर लोकपाल बिल ले कर आए हैं और राज्य सभा से रात में भाग गए। पूरी दुनिया में हमने आधी रात को भागते हुए नेता पहली बार देखे हैं। जब आजादी मिली थी आधी रात को तब वह एक दिन था जब आधी रात को जश्न मनाया जा रहा था। और एक दिन वह देखा कि आधी रात में इस लोकतंत्र की हत्या की जा रही थी। वह भी आपने की है। आपने लोकतंत्र पर अंधेरी रात में डाका मारा है। जिस तरह से राज्य सभा को स्थगित किया गया इसके लिए आपको देश की जनता माफ नहीं करेगी। आप यह मत समझिए कि यह पब्लिक कुछ समझती नहीं है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : शाहनवाज़ जी की बात के अलावा किसी अन्य सदस्य की बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष जी, मुझे जितना डिस्टर्ब किया जा रहा है उतना समय कांग्रेस के समय में से काट लीजिएगा।...(व्यवधान) आप नए-नए आए हैं अभी थोड़ा सीखना पड़ेगा अभिभाÂषण पर ही बोल रहे हैं। पूनिया जी हम बहुत पुराने आदमी हैं, हम थर्ड टर्म एमपी हैं। आप मेरी उम्र पर मत जाइए। मेरी उम्र कम है लेकिन मैं बड़ा अनुभव वाला व्यक्ति हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शांत रहिये।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य आप आसन की तरफ देखिये। आप उधर मत देखिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : लेकिन दिक्कत यह हो रही है कि जब चुनाव आता है तो हमारी कौम की याद आपको बहुत सताती है। हिन्दुस्तान का मुसलमान गरीब है, पिछड़ा है, बेरोजगार है, सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने यह कहा है, इसमें क्या शक है। आज हिन्दुस्तान में मुसलमान की साक्षरता दर औसत से भी कम है, स्कूल में जो ड्राप आउट है, वह सबसे ज्यादा है, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट में भी 6 परसेंट और सिर्फ 4 परसेंट अगर हिन्दुस्तान का मुसलमान ग्रेजुएट है तो 8 परसेंट आई.ए.एस. कहां से हो जायेगा। आई.आई.टी. में 2 परसेंट से भी कम पहुंचता है। आज उसकी हालत ऐसी क्यों है, इसके पीछे क्या वजह है? इसके पीछे वजह यह है कि आजादी के बाद जब आपको मुल्क में हुकुमत का मौका मिला तो आपने उसे सिर्फ लॉलीपाप देने का काम किया।

जब राजीव गांधी जी की सरकार का दो तिहाई, तीन चौथाई बहुमत था, तब तो आपने तकदीर अपने हाथ से नहीं लिखी। आज तो आपका पता ही नहीं है कि कौन से इश्यू पर बहुमत है, किस पर नहीं है। एनसीटीसी पर कल हमारी नेता बोलेंगी तो मैं उन्हीं के लिए उसे छोड़ता हूं, लेकिन फेडरल स्ट्रक्चर पर और कई विÂायों पर तो आपके पास बहुमत है या नहीं है, यह पता ही नहीं है। आप आरक्षण में आरक्षण दे रहे हैं। आज उन्हें पढ़ाने का इंतजाम हमने किया। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने तय किया कि हिन्दुस्तान की अकलियत को पढ़ने का मौका देंगे तो 10वीं पंचवÂाावय योजना में हमने कहा कि सबको शिक्षा देंगे। सर्व शिक्षा अभियान हम लोगों ने शुरू किया। आपकी तरह नहीं किया कि मेन बजट में से थोड़ा सा काट लीजिये और अल्पसंख्यक शिक्षा अभियान। हमने कहा कि सारे बच्चे स्कूल जायेंगे। हमने सड़कें बनायीं तो हमें यह पता था कि अकलियत के मोहल्ले इकट्ठे रहते हैं, 500, 1000 की आबादी को सड़क मिले तो हमने अल्पसंख्यक सड़क योजना नहीं बनायी। हमने सबकी फिक्र की थी। आज आप आरक्षण में आरक्षण देने की बात करते हैं। आज उनके लिए कोई फिक्र तो है नहीं, बस जब चुनाव आता है तो जानबूझकर ऐसा काम करेंगे जो कोर्ट में जाकर स्टे हो जाये और उनके बीच में जायेंगे नहीं।

महोदय, मैं बहुत जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि अकलियतों ने अब आपको पहचान लिया है, आपको जान लिया है। जब आप उनसे मिलते हैं तो वे अपनी जेब तलाशते हैं कि इनसे गले मिलने से कहीं मेरा कुछ चला तो नहीं गया है। अकलियत के लोगों को वह उत्तर प्रदेश याद है, जब आप कहते हैं 22 साल पुरानी हुकुमत

तो उन्हें मेरठ याद आता है, वह मलियाना याद आता है। मुरादाबाद में ईदगाह पर जो आपने गोली चलवायी थी, वह उन्हें याद आता है। आपकी सरकार में जब राजीव गांधी जी यहां थे, वीर बहादुर सिंह जी थे, तब हिंडन नदी के किनारे जिस तरह से अकलियत के नौजवानों को गोली से भून दिया गया था, वह उन्हें याद आता है। आज तक आपने न्याय नहीं दिया है। आप उन्हें डराये रहते हैं कि 22 साल पहले, क्या उस समय दूध की नदियां बह रही थीं? मैं तो भागलपुर से सांसद हूं, उस भागलपुर में आपके राज में कितना बड़ा फसाद हुआ था। आज मैं वहां से सांसद हूं, हमने वहां मुहब्बत का कमल खिलाया है। आपके जमाने में अंगारे बरसते थे। हिन्दुस्तान में करीब 37 हजार दंगे जिसके राज में हुए हों, वह पार्टी अपने आपको सेक्युलर पार्टी कहती है, आपने सेक्युलरिज्म का एक लेबल अपने ऊपर चिपका लिया है। आपने आज तक अकलियतों के लिए कोई काम नहीं करना, उनके लिए कोई इंतजाम न करना, ऐसी स्थिति पैदा कर देना कि जो सामाजिक समीकरण देश में बना है, जो पिछड़े, जो अकलियत के लोग, जो दबे-कुचले लोग मिलकर रहते हैं, उनके बीच में भी झगड़ा करा देना ताकि झगड़ा होगा, दो लोग झगड़ा करेंगे तो बीच में हम मजा मारेंगे। हम लोग आपकी पॉलिसी को अच्छी तरह से जानते हैं। आपको तो एक ही याद आता है- गुजरात, जब भी बात कीजिये तो गुजरात, ऐसा लगता है कि जब कांग्रेस का राज था तो उस समय गुजरात में कभी दंगे नहीं हुए थे। आपको बस एक ही याद है। एक दंगे वÂान 2002 में हुए तो उसकी गाली कितनी बार देंगे, 2002 की गाली दीजिये, लेकिन 2002 के बाद एक भी दंगा नहीं हुआ तो उसकी ताली भी हमको दीजिये। याद कीजिए गुजरात में अंग्रेज़ों के ज़माने से अभी तक हर साल दंगे होते थे। जब दंगे होंगे तो बीजेपी ज़िम्मेदार, और नहीं होंगे तो आप अपनी पीठ थपथपा लेंगे। आज देश में हिन्दू और मुसलमान लोगों ने तय कर लिया है कि आज जात-पाँत और धर्म के नाम पर लोग लड़ने वाले नहीं हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : शाहनवाज़ जी के अलावा किसी की बात रिकार्ड पर नहीं जाएगी।

*(Interruptions) â€¦**

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष जी, मैं इनका शुक्रिया अदा करता हूँ। इन्होंने मेरी याददाश्त और ताज़ा कर दी। मैं आपको राजस्थान के गोपालगढ़ लिये चलता हूँ। वहाँ गोपालगढ़ में, राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार में ...(व्यवधान) वहाँ पर 12 अकलियत के नौजवानों को राजस्थान पुलिस ने गोली मार दी। वहाँ राहुल गांधी भी गए थे लेकिन उनको आज तक न्याय नहीं मिला। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप सब कृपया बैठ जाइए। आपकी बात रिकार्ड पर नहीं जा रही है।

*(Interruptions) â€¦ **

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष जी, ये नियंत्रण से बाहर हो रहे हैं, ये सत्ता के मद में सराबोर और चूर हो रहे हैं। ...(व्यवधान) अभी तो हम गुजरात में फिर आपको हराएँगे। आप बैठिये। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : शाहनवाज़ जी के अलावा किसी की बात रिकार्ड पर नहीं जाएगी।

*(Interruptions) â€¦**

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष जी, इनका समय काटिये। ...(व्यवधान) उपाध्यक्ष जी, अकलियत का दर्द देखने हम गए। जब गोपालगढ़ में अकलियत के नौजवानों को मारा गया तो हमारी नेता सुÂामा स्वराज जी ने हमारी कयादत में सबसे पहला पार्लियामैंट का डैलीगेशन भेजा था, जिसमें हमारे राजेन्द्र अग्रवाल जी थे, मेघवाल जी थे। ...(व्यवधान) आप गोपालगढ़ की ताज़ा खबर सुनिये। ...(व्यवधान) ओवेसी साहब नहीं जा पाए, आप भी हो आइएगा। ...(व्यवधान) एक ही बात है। हम लोग गए तो आप ही को रिप्रज़ैंट कर रहे थे।

उपाध्यक्ष जी, मैं ज्यादा लंबी तकरीर नहीं करने वाला हूँ। मैं वादा कर चुका हूँ कि मैं बीस मिनट ही बोलूँगा। हमारी नेता का जो आदेश होता है, हम वही मानते हैं। हम कांग्रेस के नेता नहीं हैं जो उत्तराखंड में बगावत कर दें। हमारी नेता का जो आदेश होता है, हम वही मानते हैं। उत्तराखंड में क्या हुआ? ...(व्यवधान) उपाध्यक्ष जी, यहाँ गृह राज्य मंत्री बैठे हैं। ...(व्यवधान) ये आपको मंत्री तो बनाएँगे नहीं, आप बिना बात ही खड़े हो जाते हैं। ये लोग माइनारिटीज़ के दो ही मंत्री बनाते हैं, दो से ज्यादा मंत्री नहीं बनाते हैं। आपको मंत्री नहीं बनाएँगे। बिना बात का हल्ला आप करते हैं, कुछ होने वाला नहीं है।

उपाध्यक्ष जी, हम वहाँ डैलीगेशन लेकर गए थे। वहाँ हम मदरसे में गए। मेघवाल जी थे, राजेन्द्र जी थे। हम वहाँ गए और उनका दर्द सुना। हम उस मस्जिद में गए। उपाध्यक्ष जी, मैं हाजी आदमी हूँ, सच बोलता हूँ। जब हम उस मस्जिद में गए तो राजेन्द्र अग्रवाल जी ने कहा कि राजस्थान की पुलिस जूते पहनकर मस्जिद में बैठी है। मैं राजेन्द्र अग्रवाल जी को सैल्यूट करता हूँ कि इन्होंने उसी वक्त कहा कि निकलो बाहर, यह मस्जिद है, इबादतगाह में जूते पहनकर नहीं आते हैं। उनको वहाँ से बाहर निकाल दिया। वहाँ पहली बार मैंने इंसान को गोली से छलनी देखा, लेकिन कांग्रेस के राज में जहाँ केन्द्र में भी आपकी हुकूमत है, राज्य में भी आपकी हुकूमत है, शांति धारीवाल आपका गृह मंत्री है, उस समय अशोक गहलोत की हुकूमत में मस्जिद को मैंने गोली से छलनी देखा, मस्जिद के अंदर खून देखा। आज मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि वहाँ के गृह मंत्री ने इतना दबाव बनाया कि आपने विभाग तो बदल दिया लेकिन उनको हटा नहीं सके। आज आप सैक्यूलरिज़्म की बात करते हैं। ...(व्यवधान) वैस्टर्न यूपी में चाहे आपने कितने बड़े नेताओं को पकड़ लिया, समाजवादी पार्टी के एक बड़े नेता को आप राज्य सभा से रिज़ाइन कराकर ले आए थे, लेकिन वैस्टर्न यूपी के लोगों को याद था कि यह वही कांग्रेस है जो मलियाना कांड करती है। यह वही कांग्रेस है जो गोपलगढ़ कांड करती है। यह वही कांग्रेस है जो भागलपुर कांड करती है। यह वही कांग्रेस है, जिसके दौरे-इख्तदार में आजादी के 63 साल बाद भी हिन्दुस्तान के मुसलमानों को हाथ फैलाने पर मजबूर करने वाली, यह वही कांग्रेस है।...(व्यवधान) इसलिए आपका असली चेहरा...(व्यवधान) आप टोकेंगे तो और खुलकर बताऊंगा।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : इनको बोलने दीजिए। जब आपको मौका मिलेगा तो आप बोलिएगा।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको भी बोलने का मौका मिलेगा। बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, इनके लिए ट्रैनिंग प्रोग्राम होना चाहिए। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप लोग बहुत बोल रहे हैं। आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको बोलने का जब समय मिलेगा, तब आप बोलिएगा। बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : किसी की भी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान) *

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आप जितना टोकेंगे उतना बोलूंगा और ज्यादा खोलूंगा।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी, मैं इनकी पूरी पोल खोलूंगा।...(व्यवधान) ज्यादा टोकेंगे तो ज्यादा बताऊंगा। इसलिए टोकिए मत।...(व्यवधान) आप अपना नुकसान कर रहे हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप लोग बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : किसी की बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान) *

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा। इतना बढ़िया भाÂाण हो रहा है। थोड़ा ज्ञान प्राप्त कीजिए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप लोग बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष महोदय, असल में आने वाले चुनाव में इनको हार की आहट आ रही है। इसलिए अभी से नाराज़ चल रहे हैं।...(व्यवधान) वहां बीजेपी फिर जीतेगी और वह भी ज्यादा वोटों से। आप चिंता मत कीजिए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात को कनक्लूड करता हूं। यदि आपको बहुत दिक्कत है, चूंकि मैं आपके लिए काफी कुछ लाया था, लेकिन छोड़ देता हूं और अगली बार किसी और मुद्दे पर आपको पकड़ूंगा।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी, पिछली बार वक्फ़ की जायदाद का मुद्दा मैंने उठाया था। आप माइनोरिटी वेलफेयर की बात करते हैं। मैं अपनी बात को समाप्त करते हुए कहूंगा कि आप नया वक्फ़ एक्ट बना रहे हैं। लेकिन आप वक्फ़ की जो ज़ायदाद है, वह अक़लियतों को नहीं दे रहे हैं। उन पर जो सरकारी कब्जा है, वह नहीं हटा रहे हैं। आप अक़लियतों पर अहसान बंद कीजिए। भारतीय जनता पार्टी जब अक़लियतों के लिए काम करती है तो आपकी तरह एहसान समझ कर नहीं, अपना फ़र्ज़ और ज़िम्मेदारी मानकर काम करती है। जो एनडीए रूलिंग स्टेट हैं, चाहे वह बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ या झारखण्ड हो। आप कहीं भी चले जाएं। हमने अक़लियतों के लिए क्या काम किया है, हम से डायरैक्ट मत लीजिए, क्योंकि आपको बुरा लगेगा, शरमाएंगे भी। इसलिए आप इंटरनेट से डाउनलोड कर सकते हैं कि हम क्या-क्या काम कर रहे हैं। जो हम कर रहे हैं, उसी की नक़ल कर लीजिए। कम से कम अक़लियतों को बहकाना छोड़िए। मैं भागलपुर से हूं और वहां बड़ी तादाद में बुनकर हैं और वे आप ही के सताए हुए हैं। भागलपुर दंगे वÂाऩ 1989 में हुए थे, माननीय राजीव गांधी जी के दौर इख्तदार में। जो देश का सबसे बड़ा दंगा था। उसके बाद उनका काम बहुत बर्बाद हुआ। आज पूरे देश के बुनकर बर्बाद हैं। जब वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे। मैं उस समय टैक्सटाइल मिनिस्टर था। हमने बुनकर क्रेडिट कार्ड बनाया था। आज उसकी हालत भी बहुत ख़राब है। आप कलस्टर एनाउंस कर रहे हैं। लेकिन जो नेता आपको नज़दीक नज़र आते हैं, उनके क्षेत्र में करते हैं। जितने बुनकर हैं, चाहे वहां चुनाव न हो रहा हो, उनको भी दीजिए। अब यू.पी. की चिंता हो रही है। बुनकर बिहार में भी रहते हैं, झारखंड में, आंध्र प्रदेश में, कर्नाटक में भी रहते हैं। जहां-जहां बुनकर हैं, आपको सबकी फिक्र करनी चाहिए और उनके लिए काम करना चाहिए।

आखिरी बात मैं सिर्फ़ ट्रांसपोर्ट पर बोलते हुए दो मिनट में अपनी बात को समाप्त करूंगा। आज आपने अभी-अभी रेल का तो किराया बढ़ा ही दिया। समझ रहे हैं कि हम लोगों के ही समझ में नहीं आता है। बीस प्रतिशत पहले ही बढ़ा दिया। जब रेल बजट पर चर्चा होगी तो हमारी तरफ से बात आएगी, लेकिन अभी यह आंखों में धूल झोंकना बंद कीजिए। यह तीन पैसे-पांच पैसे-दस पैसे प्रति किलोमीटर करके रेल का किराया बढ़ गया।

आज रोड की यह हालत है कि जिस तरह कोल लिंकेज पर हल्ला हुआ है, अगला हल्ला रोड पर भी होने वाला है, क्योंकि जो एन.डी.ए. शासित राज्य हैं, उनके साथ अन्याय हो रहा है। जैसे हमारे यहां बिहार में कोल लिंकेज नहीं है, हल्ला हुआ। बिहार ने एन.एच. का 1000 करोड़ रूपया खर्च किया, उसका पैसा नहीं दे रहे हैं। आज बिहार में प्रधानमंत्री सड़क योजना का पैसा नहीं जा रहा है। आप मध्य प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश में इसका पैसा नहीं दे रहे हैं। अगर आप भेदभाव करेंगे तो देश की आवाम आपको कभी माफ नहीं करने वाली।

आपने रÂाष्ट्रपति के अभिभाषण में टाइगर प्रोजेक्ट की चिंता की। पूरे देश में अगर रिवर डॉल्फिन है तो वह मेरे क्षेत्र भागलपुर में है। रिवर डॉल्फिन बचाने के लिए जो प्रोजेक्ट चलने चाहिए, उस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं क्योंकि शाहनवाज हुसैन भागलपुर से एम.पी. है। इसलिए मुझसे अदावत है तो रिवर डॉल्फिन से भी अदावत होगी,

यह मुझे समझ में नहीं आता। आप थोड़ा बड़ा दिल रखिए।

हम विक्रमशिला की बात बराबर उठाते रहते हैं। मैं अभी पाकिस्तान गया था। वहां हमने तक्षशिला देखा। उन्होंने बहुत मेहनत की है। हम कहते हैं विक्रमशिला पर काम कीजिए। नारायणसामी जी का विभाग बदल गया, लेकिन आपने विक्रमशिला पर कोई काम नहीं किया। जिस तरह नालंदा है, तक्षशिला है, उसी तरह विक्रमशिला है। अब मुझसे अदावत है तो विक्रमशिला से भी आपकी अदावत होगी। एन.डी.ए. से अदावत है तो बिहार से भी आपकी अदावत होगी, यह चलने वाला नहीं है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आज के दिन राÂष्ट्रपति जी के अभिभाÂषण में ऐसा कोई काम मत कीजिए। अब जागने का वक्त आ गया है, नहीं तो आपको जगाने के लिए आपके सहयोगी दल बैठे हुए हैं जिनका कितना बुरा हाल कर रखा है। आप डी.एम.के. का साथ भी ले रहे हैं और उनको तंग भी कर रहे हैं। एन.सी.पी. आपके साथ है। उनका साथ भी ले रहे हैं और उन्हें तंग भी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस आपके साथ है। आज बंगाल के अंदर जो उनको पैसा चाहिए, वह बजट आप बंगाल को नहीं दे रहे हैं। आज संघीय ढांचे पर हमला हो रहा है। इसलिए राजनाथ सिंह जी के हैवी डोज के बाद यह जो मेरा होम्योपैथी वाला डोज था, इससे कम से कम आप जागने का काम करेंगे।

महोदय, इसी उम्मीद के साथ मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : जो माननीय सदस्य लिखित भाषण जमा करना चाहते हैं, वे जमा कर दें।

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): Thank you, hon. Deputy-Speaker, Sir, for permitting me to speak on the Motion of Thanks to Her Excellency President's Address moved by Dr. Girija Vyas. The Address mentions about the achievement and the comments on the part of the Government for this year. There are many achievements. We are with them, in support of them, in working with them in such achievements. There are many commitments made by the Government, for which, we have the duty to support the Government. But there are certain issues which the President's Address has not addressed.

The 15-point programme of the President's Address talks about - to strive for livelihood security for the vast majority of our population and continue to work for removal of poverty, hunger and illiteracy from our land. On this livelihood security, on 29th February, 2011, there was an All India Strike called by various labour unions.

I do not know whether the Government had held a discussion with them after the strike. The major demands of the unions are that there should not be any contract system of work either permanent or of perennial nature, there should be an amendment to the Minimum Wages Act, there should be assured pension for all and there should be compulsory registration of trade unions etc. These are genuine demands. But I do not know whether the Government is addressing these demands or calling the trade unions to hold a discussion with them to resolve these issues.

There is another major demand with respect to the Employees Pension Scheme, 1995. The employees who are receiving pension under this scheme are drawing a pension of only Rs. 500. This Government has increased the old age pension to Rs. 1,000 whereas under the Employees Pension Scheme, 1995, the employees are drawing only a minimum pension of Rs. 500. Their demand is that this pension should be increased to Rs. 2,000. On a comparison, I would like to mention that in defence services, there are 23 lakh pensioners and the total amount of pension disbursed to them is Rs. 34,000 crore whereas the pensioners who are receiving pension under the Employees' Pension Scheme, 1995 are about 35,25,000 and the total amount of pension disbursed to them is only Rs. 3,839 crore. On a comparison, you will see that this is not an amount which will help in their subsistence.

Sir, even an old age pensioner is now drawing Rs. 1,000, but a pensioner under the Employees' Pension Scheme, 1995 is drawing only Rs. 500 which is not fair. So, the Government should come forward to increase the minimum pension under the Employees' Pension Scheme, 1995 to Rs. 3,000 so that it will help them. In fact, when Shri Narasimha Rao was the Prime Minister, he gave an assurance that a comprehensive review of the scheme will be taken up once in 10 years, but no review of this scheme has been taken up so far and whatever annual increase which they received during 1996, 1998 and 1999 has also stopped now. There is no increase since 1999 to these people. This is one major issue which the Government should take up and resolve.

Secondly, I congratulate Her Excellency for announcing a Department for Disability Affairs. In Tamil Nadu, our former Chief Minister has created a department for physically handicapped people, but the department is called as the Department for Differently Abled. So, when such a department is created here, I would request that it should be named as the Department for Differently Abled and not as the Department for Disability Affairs. This is my request.

Thirdly, I would now like to come to the issue of food inflation. Our food production has increased, but distribution has failed. Many of the parties in this House have been demanding for a Universal Public Distribution System which will help in solving the problem of food inflation. But there is no mention about the Universal Public Distribution System in the President's Address. So, I would request the Government to implement the Universal Public Distribution System immediately so that distribution of food articles is uniform which will help the poor people.

Fourth is power shortage. Power shortage is the major crisis and Tamil Nadu is reeling under crisis, half of Tamil Nadu is getting power only for four hours a day and we are without power for 20 hours. The Koodankulam Project is yet to start. I do not know whether the agitators are in coalition with the State Government or not, we do not know, but the State Government is not taking action against the agitators. That is a different issue, but the State Government and the Government of India are not dealing severely against the agitators.

Hon. Minister, Mr. Narayansamy is here. He is the spokesperson for the Koodankulam Project. Whenever he comes, he says something. It has become a war of words between the agitators and the Government of India. The Government of India should take stern steps, firm steps to see that the Project starts. It is the demand of our Leader Dr. Kalaignar Karunanidhi that the Project should immediately start functioning and the State of Tamil Nadu should get power; at least 1000 MW of power should be given to the State of Tamil Nadu where the Project is situated.

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Sir, we associate with this...(*Interruptions*)

SHRI T.K.S. ELANGOVAN : Sir, another major issue is the Sri Lankan issue. The President's Address, until 2010, was talking about a political settlement in Sri Lanka, but last year and this year, that word was conveniently forgotten. They talk only about rehabilitation in Sri Lanka. What happened to the Government's wish for a political settlement in the Island? Why has the Government withdrawn from that stand? In 2010, the President had talked about a political settlement in the Island. Why have they withdrawn this year? We do not know. India should work for a political settlement in the Island and work towards the progress in the State.

We were told that 50,000 houses were to be built in the Island for the internally displaced people. But I do not know whether at least 50 houses have been built or not. They are still languishing in the open air camps. The Government should help them. They should speed up the process. If we want to help somebody, we should help in time. Timely help is the need of the hour. When we are not helping them in time, what is the use? So, the Government should also consider that.

Sir, Tamil Nadu recently suffered by the attack of a massive cyclone called Thane. The Government of India has not helped the State with the requisite money. Thousands of families have lost their livelihood because they depend on plants and trees like cashew, jackfruit, etc. These trees take time, at least, three to four years or even ten years sometimes to grow. So, up to that time they have to suffer. They will have no other income. So, the Government should come forward to help the people affected by Thane. The Government of India should fund and whatever they have promised has not come so far.

The other issue is water. The Cauvery Delta in Tamil Nadu was once called the granary of the South. They say that it is the granary of the South. But it is drying because of the dispute between the neighbouring States, the inter-State river dispute. The only way to overcome that is linking of rivers, linking of all national rivers. The Supreme Court has also stated that the linking of rivers should be taken up immediately. There is no announcement in that regard by H.E. The President. So, the Government should also consider or immediately take action on the linking of rivers on priority and allocate sufficient funds for that in the ensuing Budget.

With these words, I conclude.

*__श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा) :__ यूपीए/2 सरकार ने अपना आधा कार्यकाल जैसे–तैसे पूरा कर लिया है। लेकिन ज्यादातर 2009 में जारी की गई अपेक्षाओं की मुताबिक खरी नहीं उतरी है।

2009 के पहले अभिभाÂाण में 100 दिन में महंगाई कम करने की बात कही गई थी लेकिन आज तक इसमें कोई प्रगति होती दिखाई नहीं देती है। सरकार ने अपना राजधर्म नहीं निभाया है और अधिक कारगर शासन व्यवस्था उपलब्ध कराने में प्रतिबद्ध नहीं है। दो साल में दस लाख करोड़ का भ्रÂाटाचार हुआ है। भ्रÂाटाचार के मामले में बिल्कुल नाकाम रही है। सिर्फ जनसुविधा केन्द्र स्थापित किए जाने से नागरिकों को सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध नहीं हो जाती।

"आधार" नामक कहलाती अनूठी योजना बिना आधार के निराधार बन गई है। अतः यह कहने में कोई गलती न होगी की यह योजना खटाई में पड़ चुकी है।

12वीं पंचवÂाावय योजना का लक्ष्य "वहनीय और समावेशी विकास" के तहत 9 फीसदी विकास दर, 4 फीसदी कृÂिा विकास दर का लक्ष्य जुटाने के लिए इस सरकार की कोई इच्छा शक्ति दिखाई नहीं देती।

देश के समक्ष 5 प्रमुख चुनौतियों को निपटाने के लिए सरकार काम करेगी, जिसमें आजीविका सुरक्षा प्रदान करना गरीबी, भूख और निरक्षरता समाप्त करने का है। लेकिन ढाई साल से खाद्य सुरक्षा बिल पारित नहीं हो पाया है। एक तरफ बच्चे भूखे मर रहे हैं, कुपोÂाण से पीड़ित हैं, तो दूसरी तरफ अनाज पड़ा–पड़ा सड़ रहा है।

आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, आंतरिक और बाह्य सुरक्षा की चुनौतियां सिर्फ चुनौतियां ही बनकर रह गई हैं। आज तक इन चुनौतियों का कोई समाधान पूर्ण रूप से नहीं हो पाया है।

एच.आर.डी. की उच्च शिक्षा में अध्यापक शैक्षिक व्यवस्था को केन्द्रबिन्दु समझा गया है लेकिन उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान आयोग, महिला युनिवर्सिटी, मेडिकल युनिवर्सिटी, चिल्ड्रन युविवर्सिटी के बारे में सोचना चाहिए।

भारी खर्च के बावजूद शिक्षा में कोई क्वालिटी नहीं है। शिक्षा की क्वालिटी लगातार गिर रही है। उनका राजनीतिकरण हो गया है।

गवर्नेंस ऑफ एजुकेशन देश में पूरी तरह से फेल हो गई है और इसका एजुकेशन सिस्टम नाबूत होकर एग्जामिनेशन सिस्टम बन गई है।

चाईल्ड पालियो वायरस पर हमने काबू पा लिया है। इसी तरह, स्त्री भ्रूण हत्या को खत्म करने के लिए लिंग अनुपात में कमजोर जिलों में बेटी बचाओ अभियान के लिए 2007 से बंद पड़ी योजना के लिए 5 लाख रूपए (एमपी फंड) में दिए जाने चाहिए।

हर डिस्ट्रिक में टैली मेडिसन अस्पतालों की सुविधा बढ़ाई जानी चाहिए, मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दी जानी चाहिए तथा सीटों में वृद्धि (खासकर गुजरात में) करनी चाहिए। ऐलोपेथिक की तरह होम्योपैथिक तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा को भी महत्व दिया जाए तथा बजट प्रावधान किया जाए।

कुपोÂाण के सामने मल्टी सेक्टोरल पोÂाण कार्यक्रम, वरिÂठ नागरिक– राÂट्रीय परिÂाद का गठन सराहनीय है।

अल्पसंख्यकों का सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण कोटे के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत का उप–कोटा उपलब्ध कराने का निर्णय सरासर राजनीतिक है। यह निर्णय हड़बड़ी में संसद में लिया गया है और उसके कुछ फायदे भी वर्तमान इलेक्शन में नहीं हुए हैं।

कृषि में कार्पोरेट सेक्टर के साथ–साथ वर्तमान ग्रामीण देशी कृषि को भी सब्सिडाइज प्रक्रिया में समान अवसर प्रदान किए जाए।

खाद्य सुरक्षा बिल के तहत मांग व आपूर्ति को ठीक करने के लिए कृÂिा उत्पादन को भी समान अवसर प्रदान किए जाए। सहकारी प्रवृति से इन्कम टैक्स नाबूत किया जाए। डेरी उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाए।

कृषि उत्पादित अनाज और अन्य वस्तुओं का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए।

"सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार देश की सभी नदियों को जोड़ दिया जाना चाहिए। यूरिया खाद का वितरण उचित रूप से किया जाए। मनरेगा में उचित परिवर्तन किया जाए।

सीएनजी, ओएनजीसी, जो कि एक कंपनी है इनको भूमि अर्जित करने के लिए योग्य मुआवजा किसानों को दिया जाना चाहिए। समान भावनीति लाई जानी चाहिए।

भारत गांवों में बसा है उनकी ढांचागत सुविधाओं को नजर अंदाज न किया जाए।

निर्मल गांव, समरस गांव, पावन गांव जैसे गुजरात सरकार की योजनाओं पर गौर किया जाए।

जवाहरलाल नेहरू राÂष्ट्रीय शहरी विकास मिशन में गांधीनगर और करमसद को शामिल किया जाना चाहिए।

मेट्रो रेल परियोजना की बात सराहनीय है लेकिन इसमें त्वरित निर्णय होना चाहिए।

कपड़ा उद्योग में सूरत, जो टैक्सटाईल सिटी है, उसको टैक्सटाईल पार्क दिया जाना चाहिए।

महंगाई को कम करने के लिए पैट्रोल और डीजल पर केन्द्रीय कर बिल्कुल नाबूत कर देना चाहिए।

रेल माल भाड़े के यातायात में 20–25 प्रतिशत की बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय एवं गरीब प्रजा की आमदनी कम होगी और खर्चा बढ़ेगा।

गांवों में मोबाइल बैंक सुविधा लानी चाहिए।

सड़कों के विकास को प्रतिदिन 20 किलोमीटर का सड़क निर्माण का लक्ष्य पूरा करना चाहिए।

एयर इंडिया में "महाराजा" (लोगो) को हटाकर एयर इंडिया राजा से रंक बन गया है। एयर इंडिया की "लेट–लैफ्ट–लॉस्ट" तस्वीर बन गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी बीएसएनएल में W.L.N. (वायरलैस नेटवर्क) की मंशा सरकार बनाए। सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए गुजरात की तरह प्रोजेक्ट बनाया जाए।

बंदरगाहों की क्षमता को बढ़ाने के लिए गुजरात और वेस्टर्न जोन की उपेक्षा निंदनीय है, क्योंकि गुजरात में 1663 कि.मी. की समुद्री सीमा है और वह मरीन टैरर से जूझ रहा है।

नैशनल काउंटर टैररिज्म सेंटर का लक्ष्य राज्यों के साथ संवाद बना के किया जाना चाहिए, क्योंकि युपीए/2 सरकार के हरेक फैसले जैसे एफडीआई, लोकपाल बिल को संसद में पारित कराने में साथियों के साथ और विपक्ष के साथ भी कोई सलाह मशवरा नहीं होता है और एक तरफा गवर्नमेंट निर्णय करती है फिर फंस जाती है। योग्य पार्लियामेंट्री प्रक्रिया की सदंतर उपेक्षा होती है और सरकार हरेक बात को राजनीति की नजरिए से देखती है चाहे वह शिक्षा नीति हो, सुरक्षा नीति हो या अर्थ नीति हो।

वर्तमान 2012 जो युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के वÂाऩ के रूप में मनाया जा रहा है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसके बारे में राÂट्रीय समिति बनाई है और अभी के भाÂाण में इसका कोई उल्लेख तक नहीं है।

देश में 55 प्रतिशत युवा हैं, उनकी शिक्षा, रोजगारी और सशक्तिकरण के बारे में कौशल्यवर्धक कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई है।

मेरा सुझाव है कि 2012 का वÂाऩ युवा शक्ति विकास वÂाऩ के रूप में मनाया जाना चाहिए और गुजरात सरकार की तरह इसके लिए एक सशक्त कार्य योजना बनाई जानी चाहिए।

मानव सूचकांक को बढ़ावा देना चाहिए और अमीर गरीबों के बीच जो खाई बन रही है उसे कम करना चाहिए । आम आदमी की उन्नति के लिए और किसानों को आत्म हत्या से बचाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

आज 12 मार्च के दिन गांधी बापू ने नमक सत्याग्रह शुरू किया था। वहां साबरमती दांडी हैरिटेज रोड के बारे में 2005 में प्रधानमंत्री जी ने कुछ वायदे किए थे जो आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उसको पूरा करने के लिए और प्रवास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार को कोई ठोस नीति एवं सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

इसी सत्र में 30 बिल पारित करवाने की सरकार की मंशा की परिपूर्ति करना है तो सुचारू संसदीय प्रणाली अपनाई जाए और विपक्ष और सभी को साथ में लेकर सिर्फ देशनीति को महेनजर और राजनीति को दूर रख कर उचित इच्छा शक्ति से वर्तमान सरकार काम करेगी तो देश की जनता जो अभी भी केन्द्र सरकार में विश्वास रखती है वह बरकरार रहेगी।

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) : महामहिम राÂट्रपति जी ने पैरा 4 में कहा है कि मेरी सरकार ईमानदार तथा अधिक कारगर शासन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

मेरे जैसे व्यक्ति के मन में यह बात उठती है कि क्या यह प्रतिबद्धता पूर्व के लिए है कि नहीं है कि सिर्फ भविÂय के लिए है। अगर सरकार में ईमानदारी रहती तो सरकार का यह संकल्प होता कि यूपीए सरकार के समय 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, आदर्श घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला, रक्षा जमीन घोटाला जैसे अनेक घोटाले पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी तथा सभी दोÂि◌ायों को सजा दिलाने हेतु कड़े कदम उठाये जायेंगे। अपने समय में हुए घोटाले पर कार्रवाई करने का संकल्प नहीं लेना यह बताता है कि यूपीए सरकार अपने को पाक साफ बतलाना चाहती है जबकि कई सत्ताधारी पाटी के नेता प्रथम तौर पर कसूरवार माने जा रहे हैं।

मैं देश में चल रहे 150 सौ करोड़ से ऊपर की 200 से अधिक परियोजनाएं समय से पांच–पंच वÂा◌ान से लंबित हैं। जिस पर सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। जबकि लागत मूल्य कई गुणा बढ़ती जा रहा है।

मैं सरकार का ध्यान राज्यों के असंतुलित विकास की ओर रखना चाहता हूं। जैसे झारखंड राज्य जिसके कोख में अमीरी हैख् लेकिन यहां के लोग गरीब हैं। प्रति व्यक्ति औसत आय देश के अन्य राज्यों से बहुत कम है। ऐसे राज्यों को किस तरह प्रोत्साहित किया जाये ताकि राज्यों के विकास में संतुलन हो, इसकी सोच सरकार की नहीं है।

झारखंड राज्य को बिजली की कमी है। पठारी इलाके होने के कारण पानी की कमी है, उच्च राज्य पथ की स्थिति सुदृढ़ नहीं है। तकनीकी शिक्षा को भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने अपना प्रस्तावना पत्र बनाकर केन्द्र सरकार से सहयोग मांगा है। जिस पर केन्द्र सरकार झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को कोई सहायता सहयोग देना नहीं चाहती है। हमारी मांग होगी कि देश के पिछड़े राज्य झारखण्ड को विशेÂा◌ा आर्थिक सहयोग देने का कÂट करे।

डीवीसी का पूरा उत्पादन क्षेत्र झारखण्ड में है। कोयला का उपक्रम बीसीसीएल, सीसीएल, राजमहल परियोजना झारखण्ड में है। सेल का बोकारो स्टील प्लांट, एचईसी का कारखाना है, लेकिन झारखण्ड के विकास में इनके योगदान नहीं है। बोकारो स्टील प्लांट का विस्तारीकरण योजना खटाई में पड़ी हुई है।

सिन्दरी का खाद कारखाना बंद पड़ा है। बहुत अच्छा आधारभूत संरक्षण है । लेकिन इसका उपयोग नहीं हो रहा है।

झारखण्ड राज्य का अधिकांश क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित है। लेकिन वहां समुचित सहयोग नहीं मिल रहा है। यहां तक कि धनबाद का टुंडी इलाका, तापेवॉची इलाका उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है जिसे उग्रवादी उन्मूलन हेतु विकास करने हेतु जिला में शामिल नहीं किया है।

अतः मेरी मांग होगी कि झारखंड के धनबाद जिला को भी उग्रवाद विकास क्षेत्र में शामिल किया जाए।

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): देश की आबादी के एक बड़े हिस्से को आजीविका सुरक्षा प्रदान करने एवं आजीविका आधारित कार्यों के सृजन हेतु "मनरेगा" योजना की भांति शहरी क्षेत्रों में व्याप्त गरीबी एवं बेरोजगारी को दूर करने के लिए गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। जिसके लिए राÂट्रीय शहरी आजीविका मिशन शुरू करने की आवश्यकता है, जिससे गरीब शहरी परिवारों को भी रोजगार के सतत् अवसर प्रदान कराए जा सकें।

सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए एमबीबीएस/ मेडिकल की सीटों में वृद्धि करने के प्रयास करने चाहिए तथा उनकी ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। महंगे ब्रांड की दवाइयों के स्थान पर जेनेरिक दवाइयों को शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध कराने हेतु बड़े कदम उठाना अनिवार्य प्रतीत होता है साथ ही साथ, वर्तमान समय में देश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विशेÂाकर झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में दवाई एजेंटों, दवाई दुकानदारों एवं डाक्टरों की मिलीभगत से अधिक मुनाफा कमाने के लिए महंगी और अनुपयोगी दवाई लिखते हैं और इस तरह से गरीबों का शोÂाण होता है। इसके लिए साप्ताहिक जांच के लिए एक निÂपक्ष जांच एजेंसी होना चाहिए। रेहड़ी–पटरी पर सामान बेचने वाले व्यक्तियों के साथ–साथ असंगठित स्तर पर काम करने वाले मजदूरों एवं घरेलू कार्यों में संलग्न नौकरों को भी स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा कराने की ओर सरकार का ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

आज हमारे देश के खनन उत्पादक राज्यों की दशा बहुत खराब है। शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी, बेराजगारी, जैसी समस्या विराजमान है, जबकि इसी खनिज संपदा के कारण हमारे देश को सोने की चिड़िया माना जाता है। इसलिए इसे गंभीरता के साथ खनन प्रभावी राज्यों का सम्पूर्ण विकास होना चाहिए।

देश में किसानों को समय पर उर्वरक प्रदान करने हेतु सरकार को ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए जिससे कि अनपढ़ एवं गरीब किसान भी उर्वरक की उपलब्धता एवं उसके इस्तेमाल की प्रक्रिया से आसानी से वाकिफ हो सकें। कृÂि◌ा वैज्ञानिकों की कृÂि◌ा भूमि पर भ्रमण (साइट विजिट) द्वारा मृदा की गुणवत्ता, बीज, उर्वरक इत्यादि के बारे में छोटे किसानों को जागरूक करने हेतु जमीनी स्तर पर प्रयास किये जाने चाहिए, जिससे कि छोटे किसान अपनी पैदावार बढ़ाकर अपनी एवं राÂट्रीय आय में वृद्धि हेतु योगदान कर सकें। इसके अतिरिक्त देश में वर्तमान सिंचाई की सृजित क्षमता और प्रयुक्त क्षमता के बीच के अंतर को यथाशीघ्र कम करने के उपाय किये जाने चाहिए और कृÂि◌ा जैसे विशाल क्षेत्र के लिए अलग से कृÂि◌ा बजट तैयार किया जाना चाहिए और किसानों की समस्याओं को बारीकी से देखा जाना चाहिए।

सरकार को 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले सभी गांवों एवं शहरों में ब्रॉड गेज रेलवे लाईन की सुविधा होनी चाहिए तथा साथ ही साथ यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे की अच्छी फ्रिक्वेंसी होनी चाहिए ताकि यात्रियों को आने जाने एवं व्यवसाय में कोई कठिनाई नहीं हो। लेकिन गुजरात के अमरेली जिला को इस उपयुक्त रेल सुविधा से वंचित रखा गया है जिसे दूर करने के लिए सतत प्रयास किया जाना चाहिए।

इसके साथ सरकार को 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले सभी शहरों के लिये मोनो रेल अथवा अन्य प्रोजेक्ट की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करते हुए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करने के प्रयास करने चाहिए।

श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चम्पारण) : महामहिम राष्Âट्रपति महोदय के अभिभाषण में भ्रÂष्टाचार खत्म करने के लिए उठाये गये कदमों का प्रमुखता के साथ जिक्र किया गया है। कहा गया है कि केन्द्र की सरकार ईमानदार तथा अधिक कारगर शासन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार ने इस दिशा में और कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।

राÂष्ट्रपति महोदय के कार्यकाल के अंतिम वÂ◌ाञ में उनके माध्यम से इस सरकार ने जो बातें रखी हैं, ये बातें राÂष्ट्रपति की गरिमा के अनुकूल नहीं हैं। देश के आम आदमी ने जब ये बातें सुनी होंगी तो कितना कÂट हुआ होगा। इसकी कल्पना सरकार चलाने वालों को भी कुछ जरूर हुई होगी। भारत के लोग आज भ्रÂटाचार एवं घोटालों से विचलित हैं। 21वीं सदी के प्रथम दशक की शुरूआत ने प्रत्येक भारतीय के मस्तक पर गर्व की एक चमक प्रदान की थी, किंतु दशक का अंतिम वÂ◌ाञ एक आघात के रूप में है।

भारत के इतिहास में पहली बार इस सरकार के दो दर्जन मंत्री, नौकरशाह, कारपोरेट तिहाड़ जेल में सलाखों के पीछे बंद हैं। दो सबसे कुख्यात घोटालों, दूरसंचार एवं कामनवैल्थ गेम्स के बाद इस देश को ट्रंसपैरेंसी इंटरनेशनल की सूची में 72वें से 95वें पायदान पर पहुंचा दिया है। ट्रंसपैरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट पूरी दुनिया में सरकार की करतूतों के विवरण का उल्लेख करते हुए कहती है कि भारत पारदर्शिता के वैश्विक मानचित्र में 95वें स्थान पर खिसक गया है। यानि पिछले दो वÂ◌ा◌ों में भ्रÂटाचार तेजी से बढ़ा है। सरकार की दो वÂ◌ाञ की कारगुजारियों ने इस देश को भ्रÂट देशों की जमात में लाकर खड़ा कर दिया है। इस बात को देश के आम लोग अच्छी तरह महसूस कर रहे हैं।

21वीं सदी के प्रथम दशक के बारे में यानि 2001 में हमारी स्थिति क्या थी? भारत विश्व में सिरमौर था। विश्व के 184 देशों के लोगों और प्रत्येक भारतीय ने न केवल भारत की क्षमता को स्वीकारा बल्कि भारत को सबसे विकासशील और गतिशील देश के रूप में देखना प्रारंभ किया। यह महसूस किया जाने लगा कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी – लेकिन आज यदि हम वÂर्ष 2011–12 की बात करें तो इसके लिए वÂर्ष 2011, घोटाला वÂर्ष और 2012, जल वÂ◌ाञ ही कहा जाएगा।

देश के लोग हैरान और दुखी हैं कि पिछले 29 वÂ◌ा◌ों के घोटालों में 10 लाख करोड़ रूपये गवां दिये गये हैं। देश की प्रतिÂष्ठा भी शर्मशार हुई है।

- 22.5 लाख करोड़ रूपये स्विस बैंक/काला धन घोटाला
- 1,76,000 करोड़ का दूरसंचार घोटाला
- 70 हजार करोड़ का कामनवेल्थ गेम्स घोटाला
- 58 हजार करोड़ का सड़ा अनाज घोटाला
- इसरो देवास घोटाला
- महंगाई महा घोटाला
- के.जी. बेसिन घोटाला
- चावल निर्यात घोटाला
- सत्यम घोटाला
- पी.डी.एस./राशन घोटाला
- मुख्य सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति में हेराफेरी
- आईपीएल क्रिकेट घोटाला
- एयर इंडिया विमान खरीद घोटाला
- टेलीकॉम जुर्माना घोटाला
- कांग्रेस का कोयला घोटाला
- जल विद्युत परियोजना घोटाला
- हसन अली मनी लांड्रिंग घोटाला
- रक्षा भूमि घोटाला
- राजीव गांधी ट्रस्ट भूमि घोटाला

उपरोक्त घोटाले के अलावा भी अन्य कई कारनामे ऐसे हैं जिसमें देश को भारी क्षति हुई है। ऐसी स्थिति में आजादी के बाद सबसे भ्रÂट इस सरकार को ईमानदार सरकार कहना प्रत्येक भारतीय को आश्चर्यचकित करने वाला है। अन्य मुद्दों पर भी जो बातें अभिभाषण के माध्यम से सरकार ने कहलवाई हैं उसमें विश्वसनीयता नहीं दिखाई दे रही है। कहा गया है कि 12वीं योजना के एप्रोच पेपर में 9 फीसदी विकास दर और 4 फीसदी कृषि विकास दर का लक्ष्य है। 2012–2013, 12वीं पंचवÂ◌ाव्य योजना का प्रथम वÂ◌ाञ होगा। हमें गरीबी, भूख, और निरक्षरता समाप्त करने के लिए बड़ा निवेश करना होगा, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी बड़ी पूंजी की जरूरत होगी। अब सरकार और विशेÂष रूप से प्रधानमंत्री जी बतायें कि आखिरकार इतने घोटाले होते रहेंगे– आप मूकदर्शक रहेंगे। सरकार

घोटालेबाजों को बचाने में लगी रहेगी, विकास दर कैसे बढ़ेगी। काला धन जो आजादी के बाद देश को लूट–लूट कर विदेशों के बैंकों में जमा किया है अआप उसे देश में लाने के लिए कड़े कानून नहीं बनायेंगे, भ्रÂट राजनेताओं, व्यापारियों, नौकरशाहों को बचाते रहेंगे, उनके नाम उजागर नहीं करेंगे, उन्हें दंडित नहीं करेंगे तो गरीबी, भूख, निरक्षरता कैसे समाप्त होगी। ऊर्जा सुरक्षा हेतु बड़ी पूंजी कहां से आयेगी? इन प्रश्नों का उत्तर माननीय प्रधानमंत्री जी देश को देंगे ऐसी मेरी उम्मीद है। किंतु विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी उत्तर नहीं दे पायेंगे।

अभिभाषण में त्वरित व्यापक विकास तथा जनता के लिए आजीविका आधारित कार्यों का सृजन करते हुए आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने की बातें की गई है, किंतु हमें देखना होगा कि आज सर्व शिक्षा अभियान, स्वास्थ्य मिशन एवं मनरेगा की क्या स्थिति है। लूट मची हुई है। मनरेगा, खाद्य सुरक्षा या नकद सब्सिडी देकर समस्या का हल नहीं हो सकता। ये योजनाएं राजनेताओं के लिए वोट बैंक और भ्रÂट लोगों के लिए अवैध कमाई का स्रोत तो हो सकती हैं लेकिन रोजगार से मिलने वाला स्वाभिमान एवं सम्मानपूर्ण जीवन नहीं दे सकती हैं।

अभिभाषण में 4 फीसदी कृषि विकास दर का लक्ष्य है। देश की 75 प्रतिशत आबादी कृÂि पर आधारित है। कौन नहीं जानता कि पूर्वी भारत के कई राज्यों में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य को मोहताज हैं। खेती घाटे का सौदा बनी हुई है। केन्द्र की सरकार की कृषि नीति मात्र औपचारिकता निभाने की नीति बन गई है।

मैं बिहार से आता हूं, वहां एनडीए की सरकार है। हम तीव्र गति से विकास के पथ पर बढ़ रहे हैं। आपकी सरकार हमारी गति को रोकने की कोशिश करती है। विकास की बहुत सारी योजनाएं लंबित हैं। जहां तक कृÂि का सवाल है बिहार ने दूसरी हरित क्रांति से आगे बढ़कर इंद्रधनुÂषि क्रांति के लिए कृषि कैबिनेट का गठन कर दस वÂाौ का रोड मैप तैयार किया है। इस पर करीब 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये खर्च आयेंगे। बिहार के 247 कृÂि फार्म को मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए राÂट्रीय विकास योजना में विशेÂा प्रावधान की जरूरत है, ताकि उन्नत बीज का उत्पादन किया जा सके, किंतु आपकी सरकार जब राज्यों की सहायता की बात आती है, पैकेज की बात आती है तो भेदभाव बरतती है। क्या इससे देश का सर्वांगीण विकास हो पायेगा? क्या हम 9 फीसदी विकास दर एवं 4 फीसदी कृÂि विकास दर प्राप्त कर पायेंगे?

अभिभाषण से स्पÂट है कि इस सरकार ने विधान सभा चुनावों में झटका खाने के बाद अपना चेहरा सुधारने की कवायत की है, किंतु जो करतूतें इस सरकार ने पिछले दो वÂाौ के अंदर की हैं, देश को जितना नुकसान पहुंचाया है उसकी भरपाई निकट भविÂय में संभव नहीं है।

ऑनरेबल प्रेसीडेंट ने पंचायत इलेक्शंस की बात की। तीस साल के लंबे गैप के बाद उमर अब्दुल्ला की सरकार ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पंचायत इलेक्शंस करवाये। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को सलाम करता हूं कि बायकाट कॉल के बावजूद 80 फीसदी लोग बाहर आए और उन्होंने वोट दिया और जम्मू-कश्मीर में पंचायत इलेक्शन का राज कयाम में आया। यह सबसे बड़ी एचीवमेंट है जो उमर अब्दुल्ला लेड गवर्नमेंट ने हासिल की, जम्मू-कश्मीर में यूपीए टू की गवर्नमेंट ने, यह कोई मामूली बात नहीं है। ऑनरेबल प्रेसीडेंट ने बात की, एक करोड़ लोग माता वैÂणों देवी की यात्रा के लिए आए, लाखों लोग अमरनाथ यात्रा के लिए आए। मुझसे बहुत से लोग कहते हैं कि हम कश्मीर आ सकते हैं, कश्मीर के हालात कैसे हैं? मैं गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से गुजारिश करूंगा कि टूरिज्म डिपार्टमेंट या गवर्नमेंट ऑफ इंडिया इस बात की कैंपेन करे, लाखों अमरनाथ यात्री पिछले साल उस गुफा में गए और वहां दर्शन किए इंसीडेंट फ्री। किसी ने किसी को हाथ नहीं लगाया। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं, जो सेक्युलरिज्म की बात आप करते हैं, जब पूरे हिंदुस्तान में, मजहब के नाम पर खून की होली खेली जा रही थी, रियासत जम्मू कश्मीर वह रियासत थी जिसने कहा है - " शेरे कश्मीर का क्या इरशाद, हिंदू-मुस्लिम-सिख इत्तिहाद "। एक हिंदू को चोट नहीं आयी। ...(<u>व्यवधान</u>) जम्मू-कश्मीर के लोगों को सेक्युलरिज्म नहीं सिखाया जा सकता। एक पंडित भाई को चोट नहीं आयी। हम फL◌ा से कह सकते हैं, महात्मा गांधी जिनको हम राष्ट्रपिता कहते हैं, उन्होंने कहा था, " मुझे इस अंधेर नगरी में रोशनी की किरण एक ही जगह से नजर आती है और वह कश्मीर है, बाकी सारा हिंदुस्तान जल रहा है। " मगर इसको

बचाये रखना है, इसकी इज्जत करनी है। अगर अब वहां पर अमन कायम हुआ, अगर लाखों-करोड़ों यात्री इंसीडेंट फ्री आये, पंचायत इलेक्शंस हुए, जिसमें 80 परसेंट लोगों ने सम्मूलियत की इंसीडेंट फ्री, तो वह लोग कहते हैं जब वह एबनार्मल लॉज आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर्स एक्ट, उस वक्त यह हालत थी, कश्मीर में बाहर नहीं निकला जा सकता था। उस वक्त जब आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर्स एक्ट लगा था, वहां पर सिर्फ मिलिटेंट्स का राज चलता था, मगर आज वहां अमन कायम हुआ है। आम लोग चाहते हैं कि इस अमन का फायदा आम लोगों तक पहुंचे। वह इस तरह पहुंच सकता है, जब ऐसे कवानीन, जब एबनार्मल सिचुएशन को एड्रेस करने के लिए एबनार्मल लॉज की जरूरत थी, अब हमारे ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर कहते हैं कि ऐसे लॉज जो हैं, इनको आहिस्ता-आहिस्ता हटा देना चाहिए, ताकि आम लोग भी इस डेमोक्रैसी में आसानी से बाहर आएं और आराम से सांस ले सकें। इसमें कोई देशद्रोह की बात नहीं है, इसमें हजारों लोग कटे हैं, जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस को कोई नेशनलिज्म नहीं सिखा सकता है।

मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि जब जिन्ना जी वहां आए थे, तो शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने एक सेक्युलर डेमोक्रैटिक कंट्री के साथ हाथ मिलाया था। यह शेख मोहम्मद अब्दुल्ला थे, हमारी पार्टी थी नेशनल कांफ्रेंस, जिसने उस आग का सामना किया और एक सेक्युलर डेमोक्रैटिक कंट्री का ख्वाब देखकर हाथ मिलाया था। अगर वहां लोग चाहते हैं, अगर वहां अमन है, तो वहां के जो चीफ मिनिस्टर हैं, उनके हाथ मजबूत करने के लिए, आम लोगों को जो यह पीस है, यह जो अमन है, इसका फायदा मिलना चाहिए। इसमें कोई इंटरनेशनलिज्म की बात नहीं है। ऑनरेबल प्रेसीडेंट ने बातचीत के लिए कहा है, बातचीत होनी चाहिए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि तमाम लोगों से बातचीत होनी चाहिए। उन लोगों के साथ भी बातचीत होनी चाहिए जो नेशनल मेन स्ट्रीम में नहीं हैं। वे भी बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वायलेंस छोड़ कर, वहां हुरियत में एक फैक्शन है उनको माडरेट्स कहते हैं उन्होंने बंदूक छोड़ दी है। उनके साथ बातचीत होनी चाहिए। उनकी नाराजगी है। वहां के जो प्रोटेस्ट हैं, उसको यह नाम नहीं देना चाहिए कि यह पत्थरबाजी है और इसको भूल जाओ। उन नौजवानों से बातचीत होनी चाहिए। उनसे सर उठा कर अनकन्डिशनल बातचीत होनी चाहिए ताकि जम्मू-कश्मीर का जो मसला है उसको हमेशा के लिए एड्रेस किया जाए।

सर, यह कह कर मैं आपसे गुजारिश करना चाहता हूं कि ये कमेटिज की रेकमैंडेशंस मैं फिर कहूंगा और इंटरलॉक्यूटर्स की रिपोर्ट, मैं फिर दोहराऊंगा, वह सामने आनी चाहिए ताकि इस मसले का हल हो। सर, आनरेबल प्रेसिडेंट ने बात की है, अनइम्प्लायमेंट को लेकर कुछ स्कीम्स के नाम लिए हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां पांच लाख से ज्यादा अनइम्प्लायड यूथस हैं जिन्होंने रजिस्टर किया है, जो नोन हैं कि ये पांच लाख हैं। शायद, इनकी तादाद ज्यादा होगी। कश्मीर, जम्मू और लद्दाख में भी कोई रास्ता नहीं है, कोई सैक्टर नहीं है, जैसे पूरे मूल्क में है। वहां के नौजवान गवर्नमैन्ट की जॉब की तरफ देखते हैं। कुछ ऐसी स्कीम्स लानी पड़ेगी जिससे जो लाखों बेकार और बेरोजगार नौजवान हैं, वे पढ़े-लिखे हों या पढ़े-लिखे न हों, उनके लिए रोजगार का कुछ न कुछ रास्ता हमें निकालना पड़ेगा। नहीं तो जो बेकार और बेरोजगार नौजवान हैं उनको रोजगार जब तक नहीं मिलेगा, वहां पर एक ऐसा प्राब्लम है जो देश के बाकी इलाकों में नहीं है मगर वहां है क्योंकि वहां गवर्नमैन्ट जॉब्स के अलावा कोई पब्लिक सैक्टर या प्राइवेट सैक्टर नहीं है इसलिए इसकी तरफ बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। मैं यह कह कर आपका शुक्रिया अदा करता हूं। आपने मुझे टाइम दिया है।

मैं आप से एक और गुजारिश करूंगा कि हमारी कुछ स्कीम्स हैं - मनरेगा, एनआरएचएम, फूड सिक्योरिटी बिल है, यह नहीं है कि कुछ भी नहीं हुआ, जिन स्टेट्स ने इनका फायदा उठाया उनका बहुत फायदा हुआ और जिन स्टेट्स ने कम फायदा उठाया उनका कम फायदा हुआ। मेरे ख्याल में इसमें स्टेट्स का भी कॉपरेशन और कॉर्डिनेशन हो। ये स्कीम्स इनप्रिन्सपल्स बहुत अच्छी हैं मगर इनकी इम्प्लीमेन्टेशंस में प्राब्लम्स हैं, लैक्यूनाज हैं जो प्लग करनी चाहिए ताकि इन स्कीम्स का फायदा आम लोगों को मिले।

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया) : मैं महामहिम राÂष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर कुछ बिन्दुओं पर प्रकाश डालना चाहता हूं। आज आजादी के 65 वÂाऩ बीत चुके हैं। विकास की अगर हम बात करें तो हम अंतर्राÂष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में दिखाई दे रहे हैं। लेकिन देश में रहने वाली लगभग आधी जनता को न ही इसका कोई भान है और न ही इस बात की उसको कोई गर्वानुभूति क्योंकि आज भी देश के आर्थिक विकास की लहर से उसका कोई सरोकार नहीं है। मैं बिहार राज्य के अररिया जिले से आता हूं जो नेपाल की सीमा से लगा हुआ है। यह अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। बिहार एक ऐतिहासिक प्रदेश है इसकी एक विशेÂा पहचान है, लेकिन विकास के नाम पर आज भी उपेक्षा का शिकार है।

महोदय, अररिया जिले सहित पूरे कोसी क्षेत्र में यहां तक कि पूरे बिहार में आज भी उद्योग धंधों की इतनी जरूरत है जिसके कारण लोग देश के दूसरे हिस्से में कमाने के लिए जाते हैं। हमारे क्षेत्र में जूट की पैदावार बहुतायत में होती है, लेकिन आजादी के 65 वÂाऩ बाद भी कोई बड़ा कारखाना लगाने की बात तो दूर, कोई सरकारी प्रोत्साहन भी आज तक नहीं दिया गया है।

बिहार राज्य बाढ़ की समस्या से ग्रस्त है। हर साल बाढ़ से करोड़ों के जान, माल, फसल की क्षति होती है। कोई चीज बनती भी है वह भी बाढ़ में बह जाने के बाद फिर उसके बनने की प्रक्रिया भी वहीं से शुरू होती है। कोसी, घाघरा, महानन्दा, बकरा, कनकई नूना, परवान जैसी नदियां बहुत नुकसान करती हैं। लेकिन कोई स्थायी योजना हम लोगों के पास नहीं है। 2007 में बाढ़ नियंत्रण पर सलाहकार समिति ने महानन्दा बेसिन के काम को सैद्धान्तिक मंजूरी दी भी थी, काम भी थोड़ा बहुत शुरू हो गया है, लेकिन गति धीमी होने के कारण दिखायी कम ही दे रहा है।

बिजली एक महत्वपूर्ण समस्या है इसके कारण लोगों के गुस्से का हम सभी को सामना करना पड़ता है। केन्द्र से जो बिजली कोटा बिहार राज्य को निर्धारित है उससे भी कम बिजली राज्य को केन्द्र की तरफ से मिलती है। इसमें से भी नेपाल, रेलवे, रक्षा, एयरपोर्ट तथा अन्य अनिवार्य सेवाओं में बिजली जाती है। लिहाजा जो बचती भी है उससे राज्य की बिजली पूर्ति नहीं की जा सकती। एनटीपीसी के काफी बिजलीघर बंद रहते हैं। बांग्लादेश समझौते के कारण गंगा नदी के पानी की अधिक मात्रा उसे देने के कारण फरक्का में भी उत्पादन ठप्प रहता है।

कहलगांव यूनिट भी कोल लिंकेज की भारी कमी के कारण पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन नहीं कर पाती है। वहीं राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में अनियमितता तथा भ्रÂष्टाचार व्याप्त है। विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार निजी कंपनियों की मिलीभगत से एक तो काम समय पर पूरा नहीं हो पाता, वहीं दूसरी ओर जो सामान लगता है वह भी मानकों के अनुरूप नहीं है। मेरे जिले में एस.पी.एम.एल. नाम की कंपनी का भ्रÂटाचार इसी संबंध में सामने आया है, उसकी जांच भी चल रही है।

आज भी बिहार में स्वास्थ्य के नाम पर पटना में ही एक अनुसंधान संस्थान है। लोग सुदूर क्षेत्र से दिल्ली में इलाज के लिए आते हैं जिससे उनको ढेरों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सरकार को कोई मेडिकल कालेज और अन्य चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को वित्तीय पैकेज देना चाहिए।

मेरा क्षेत्र अररिया नेपाल की सीमा से लगा है जिससे सैलानियों का आवागमन खुली सीमा होने के कारण बहुतायत में होता है। लोगों को दिल्ली अथवा अन्य शहरों के लिए हवाई सेवा का यदि उपयोग करना होता है तो या तो उन्हें पटना एयरपोर्ट या फिर बागडोगरा (प. बंगाल) एयरपोर्ट पर जाना होता है जिससे दूरी ज्यादा होने के कारण आवागमन में समस्या होती है। पूर्णिया जिले में चुनापुर हवाई पट्टी है जिससे काफी समय पहले वाणिज्यिक उड़ाने होती थी, लेकिन फिलहाल कुछ सालों से बंद पड़ी हुई है। लिहाजा अगर फिर से शुरू होंगी तो काफी सुविधा होगी।

हमारे जिले अररिया में एबीएमसी पथ जो सीधे नेपाल सीमा तक जाती है और इसकी दूरी 35 किमी. है, यह सामरिक दÂिष्ट से काफी महत्वपूर्ण है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा इस सड़क का निर्माण जनहित एवं सुरक्षा कारणों से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है।

शिक्षा के क्षेत्र में हमारे यहां आधारभूत संरचना की कमी है। गरीबी एवं पिछड़ेपन से उत्पन्न आर्थिक तंगी के कारण एक तरफ शिक्षा के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में आकÂर्ण नहीं है वहीं दूसरी ओर संसाधनों के अभाव से उदासीनता की स्थिति है। सर्वशिक्षा अभीयान, मिड–डे मिल जैसी योजनाओं का भ्रष्टाचार के कारण सुचारू रूप से न चल पाना भी शिक्षा के प्रोत्साहन में आड़े आता है।

उसके बाद कोई प्रबंधकीय तकनीकी संस्थानों के अभाव में रोजगारोन्मुख शिक्षा के कार्यक्रम न होने से बच्चों को देश के अन्य राज्यों में जाना पड़ता है जिसका खर्च वहन करने की क्षमता गांव के व्यक्ति के बस की बात नहीं है।

देश में समान विकास तथा प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का उचित एवं समय पर लाभ मिले इसके लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए तथा बिहार जैसे पिछड़े राज्यों की प्रगति के लिए भी कुछ वित्तीय पैकेज की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि सभी समस्याओं को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया जाये और एक समृद्धशाली एवं सशक्त भारत के निर्माण में सभी का सहयोग हो सके। इसी परिप्रेक्ष्य में इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

SHRI NARAHARI MAHATO (PURULIA): Mr. Chairman, Sir, I would like to thank you for giving me this opportunity to participate in the discussion on the President's Address delivered on 12th March, 2012. I would, first of all, like to thank the hon. President for delivering her Address to both the Houses of Parliament and would also like to draw the attention of the Government on five major points that the hon. President had mentioned in her Address.

Firstly, the hon. President made a mention of five points which are a major challenge to the country. Seventy-five per cent of our population lives in the villages whose main source of livelihood is agriculture. But what is the position of agriculture today? The farmers are committing suicide. From the inception of the UPA –II Government, the subsidy on fertilizers have been withdrawn in phases and the farmers are feeling suffocated by this.

Sir, the Government is aimless today and it is like a rudderless ship. The prices of commodities are increasing by leaps and bounds and the growth rate is declining. Sir, the wrong policy of the Government has taken the farmers to the verge of destruction throughout the country. The policies are not implemented properly in all respects which could result in the benefits of the farmers of our country. No symptoms of remedy are seen in the Address of the hon. President of India. It is said that only steps are going to be taken about it. The subsidy on fertilisers is not being given to the farmers and the farmers are not getting fertilisers on time. जब किसान को खाद की जरूरत होती है तब उसे खाद नहीं मिलती और जितनी खाद की जरूरत होती है उतनी खाद नहीं मिलती।

On the other hand, the Address of the President mentions about providing employment to lakhs of people. But what about the educated youths who fail to get employment even after passing their productive age? Many hon. Members in this august House, from time to time, have been saying that issues relating to employment generation should be discussed. What is the position of unemployed youth today? What is the policy of the Government on employment? About 15 days ago, we have seen, on 28th February, a massive strike called by all the trade unions and the country came to a standstill.

Sir, regarding this issue, measures should be taken to check the exploitation of farmers to prevent the incidents of suicides. Now, the situation has worsened more in the past 65 years since Independence of our country. All successive Governments are responsible for this situation. Since Independence, the people in the villages have been suffering day in and day out. This situation has been prevailing even today. It should be looked into and the Government should take it up as their responsibility for the betterment of those people.

Thirdly, in the President's Address, a mention has been made about corruption and black money. I think, we need to evolve several effective measures to deal with the problem. The measures to prevent corruption and black money should not only remain in writing but also practised on ground. What have we seen since the inception of the UPA-II Government? There is corruption in all areas. We are hanging down our heads due to shame. What have we seen in this democratic country? We are Members of Parliament and we have been discussing it in Parliament.

There is a need for the Government to think over it. This shows that the credibility of the Government has completely vanished in the country. I think, there is a need to restore it and if the Government is unable to do it, then it does not have any moral right to continue to be in power. करप्शन, ब्लैकमनी और जितने धंधे चल रहे हैं, जब तक उन्हें समाप्त नहीं किया जाता तब तक सरकार को कोई मॉरल राइट नहीं है।

Today, the biggest problem of our country is the increasing population. The President's Address is silent on this issue as to how we can stop this increasing population, even though it should have been stated very clearly here. Unless we check this increasing population, we cannot progress. I have earlier stated about the scam worth crores of rupees in the National Rural Health Mission which is being investigated by the CBI. Several irregularities have taken place in the Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission and in the Mahatma Gandhi NREGA. These large-scale irregularities should be investigated. We are providing crores of rupees and we would like to know where this money is going.

I belong to a remote district, Jangalmahal, in Purulia from West Bengal, which is surrounded 99 per cent by villages. There we have seen the utilisation of Mahatma Gandhi NREGA funds through various policies and steps.

Regarding the Prime Minister's Relief Fund, I would like to say that people come to us asking for financial assistance for the treatment of various diseases, like heart disease and bone disease. They are unable to meet the expenditure. When we recommend their cases for financial assistance from the Prime Minister's Relief Fund, we get a reply that our quota is over and that this particular recommendation is not being accepted. This ceiling should be removed. गांव के गरीब आदमी को इलाज के लिए जिस चीज की जरूरत है, वह भी देनी चाहिए।

The Government will have to take strong steps for streamlining and strengthening the democracy. We will have to rise above political lines and we will have to take hard decisions to eliminate terrorism and to deal with external threat to

our security.

Many hon. Members, while speaking on the Motion of Thanks on the President's Address, have raised issues relating to health, education, agriculture, corruption, scams, black money, etc. These issues should be discussed in the House. The Government should take strong policy decisions to tackle these issues effectively in order to save the poor people and our villages. After 65 years of our Independence, the people in the villages are not getting adequate drinking water, educational facilities, and shelter in order to save them from rain and Sun.

With these words, I conclude by extending my support to the Motion of Thanks on the President's Address.

*__श्री दत्ता मेघे (वर्धा):__ मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि नागपुर शहर और विदर्भ में पर्यटन की असीम संभावनायें हैं। किंतु उचित सुविधायें और केन्द्र तथा राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण विदर्भ पर्यटन में लगातार पिछड़ता जा रहा है।

मुझे यह खेद से कहना पड़ रहा है कि जिस प्रकार अन्य राज्य और शहरों को प्रचार और प्रसार माध्यम से बढ़ावा दिया गया है उसी प्रकार नागपुर और विदर्भ को बढ़ावा नहीं दिया गया, हम पर अन्याय हुआ है। इसी कारण डोमेस्टीक और इंटरनेशनल पर्यटकों से नागपुर और विदर्भ वंचित रहा है। नागपुर और विदर्भ पर्यटन स्थलों से भरा पड़ा है। वर्धा जिले में स्थित महात्मा गांधी का सेवाग्राम आश्रम, पवनार में विनोबा भावे का आश्रम, नागपुर की दीक्षा भूमि जैसी राÂष्ट्रपुरूÂषों से जुड़ी महत्वपूर्ण जगह है। विदर्भ वन्य जीवन से भी समृद्ध है, ताडोबा और नवेगांव जैसे राÂष्ट्रीय उद्यान हैं जहां पर बाघों को आसानी से देखा जा सकता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि जिस प्रकार अन्य पर्यटन स्थलों को पूरे विश्व में प्रचारित किया गया उसी प्रकार विदर्भ की प्राचीन धरोहर, यहाँ के विशाल मंदिर और वन्य जीवन तथा आदिवासी संस्कृति से समृद्ध इस प्रदेश को प्रचारित किया जाना चाहिए, जिस कारण गरीबी और विकास में पिछड़े इस प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवकों को रोजगार मिल सकता है।

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): राÂष्ट्रपति जी का भाÂषण एक तरह से सरकारी दस्तावेज होता है जिसमें सरकार की उपलब्धियों एवं भावी कार्ययोजना होती है, उसी को महामहिम राÂट्रपति जी व्यक्त करती हैं। 12वीं पंचवÂ◌ि◌वय योजना में आठ से नौ फीसदी की विकास दर का लक्ष्य काफी उत्साहजनक है। मगर सवाल यह है कि इस लक्ष्य को हासिल करने के उपाय क्या होंगे। सरकार ने कालेधन की समस्या से निपटने के लिए विभिन्न मोर्चों पर कार्यवाई प्रारंभ करने की बात कही है इसके लिए आन्दोलन हुए, सदन में काफी बार चर्चा हुई, लेकिन परिणाम क्या रहा? सरकार को इसके लिए कठोर कानून बनाना होगा। सरकार की नीयत साफ होनी चाहिए। सरकार ने भ्रÂष्टाचार खत्म करने की बात कही है। सरकार ने इसके लिए ठोस कदम उठाने की भी बात कही है, लेकिन सच्चाई बहुत कड़वी है। आज नैतिक मूल्यों में भारी गिरावट है, जिसके हाथ में पैसा गया मौका मिला वह पैसा लेकर भाग गया। इसके लिए कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है। मगर यह दस्तावेज एक दिशाभ्रम में डूबी हुई सरकार का घोÂ◌ाणा पत्र लगता है। अभिभाषण में रोजगार नीति के बारे में प्रकाश नाममात्र का डाला गया है। आज देश में बेरोजगारी भी भयंकर समस्या है। मनरेगा से इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता। मनरेगा से कुछ लोगों को रोजगार मिला है इसमें व्यापक पैमाने पर भ्रÂ टाचार है। इस योजना की समीक्षा कर इसे किसान, खेती, ग्रामीण उद्योग आदि के साथ जोड़ा जावे। आज किसान की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। किसान को उनके उत्पाद का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। उसे अपना उत्पाद औने–पौने दामों में बेचना पड़ रहा है। सरकार खाद्य सुरक्षा विधेयक लाने जा रही है, किंतु यदि उत्पाद नहीं बढ़ा तो इसका लाभ कैसे मिलेगा। किसान को सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा रही है। उसे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। राजस्थान में इस बार शीतलहर और पाला पड़ने से चना–सरसों–गेंहू आदि की फसलें तबाह हो गई। किसानों को किसी प्रकार भी राहत नहीं दी जा रही है। राजस्थान सरकार कह रही है कि शीतलहर सी.आर.एफ. में शामिल नहीं होने के कारण किसान को मुआवजा नहीं दिया जा सकता। मेरा आग्रह है कि शीतलहर को भी अकाल अतिवृÂि◌ष्ट की तरह प्राकृतिक आपदा में शामिल किया जावे। किसान को समय पर खाद नहीं, पीने व सिंचाई का पानी नहीं, बिजली नहीं, किसान अपना जीवनयापन कैसे करेगा? किसान को एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जावे, फसल के नुकसान का मुआवजा दिया जावे। इसमें कानून कायदों की आड़ लेकर सरकार को बचना नहीं चाहिए। स्वामीनाथन रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति एकड़ किसान की उपज की लागत जब तक हम डेढ़ गुना नहीं देंगे, तब तक किसान की स्थिति में सुधार नहीं कर सकते। 1981 में पंजाब–हरियाणा–राजस्थान के मध्य समझौते के अनुसार 8.6 एमएएफ पानी राजस्थान को मिलना था, लेकिन आज भी पंजाब राजस्थान के हिस्से का .60 एमएएफ पानी नहीं दे रहा है जिसके कारण इंदिरा गांधी नहर परियोजना का कार्य अधूरा है। नहर का सम्पूर्ण सिस्टम तैयार है, लेकिन पानी के अभाव में सिंचित क्षेत्र काफी कम हो गया है। आए दिन धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी तरफ सिधमुख नहर के पानी के हिस्से को हरियाणा नहीं दे रहा है। केन्द्र सरकार से बार बार आग्रह के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। देश में महंगाई के कारण आदमी पीड़ित है, सरकार को कठोरता से इस पर नियंत्रण करना चाहिए।

एनसीटीसी (NCTC) की स्थापना का विरोध लगभग एक तिहाई राज्यों ने किया है। प्रधानमंत्री जी ने आश्वासन दिया लेकिन प्रधानमंत्री जी के आश्वासन के बावजूद राÂष्ट्रपति के अभिभाषण में इसके गठन की बात की गई है। आखिर आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले सरकार राज्यों एवं विपक्ष को विश्वास में क्यों नहीं लेना चाहती। सरकार को संघीय ढांचे के साथ छेड़–छाड़ नहीं करनी चाहिए। सरकार की मंशा आतंकवाद के बहाने राज्यों में हस्तक्षेप करने का है। केन्द्र और राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा पैदा हो गई है। सरकार द्वारा आतंकवाद खत्म करने का गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा है। सभी राज्यों को विश्वास में लेकर इस पर काम करना चाहिए।

श्रीमती विजया चक्रवर्ती (गुवाहटी): सभापति महोदय, महामहिम राÂष्ट्रपति जी का अभिभाषण देश के आने वाले वÂ◌ाó की रूपरेखा का प्रतिनिधित्व करता है। इससे जनता को काफी उम्मीदें होती हैं। जनता की जितनी समस्याएं हैं, देश के जितने इश्यूज हैं, उनका जिक्र इस अभिभाषण में होगा, जनता इस बात की उम्मीद करती है। लेकिन राÂष्ट्रपति जी के इस अभिभाषण से ऐसा लगा कि एक मिनिस्ट्री से कुछ लाया गया और दूसरी मिनिस्ट्री से कुछ लाया गया और उन सबको लेकर कुछ ऐसा बनाया गया, जैसे ब्यूटी पार्लर्स में महिलाओं को सजाया जाता है। ...(व्यवधान) मैंने जो महसूस किया, वही कहा। हमारे देश में बहुत सारी जातियां, उपजातियां-जनजातियां हैं। सभी जनजातियां अपनी-अपनी आइडेंटिटी के लिए अस्थिर हैं, इसलिए जगह-जगह, कहीं पर अपना देश डिमाण्ड कर रहे हैं, कुछ सिक्सथ शिडयूल डिमाण्ड कर रहे हैं, लेकिन इन लोगों का भी कहीं पर जिक्र नहीं है। यह दुख की बात है क्योंकि मैं जिस कांस्टीट्वेंसी से आई हूं, वहां कई जनजातियां हैं और असम में 70 लाख टी गार्डन्स हैं और टी गार्डन वर्कर्स हैं, उनके लिए भी कुछ व्यवस्था या कोई बात इस भाÂ◌ाण में नहीं है, इसलिए मैं काफी दुखी हूं। ऐसे भी वे लोग गरीब हैं और आज गरीब और भी गरीब बनता जा रहा है। देश की इंटरनल सिक्योरिटी की बात कर रही हूं क्योंकि मैं असम से, नॉर्थ-ईस्ट से आती हूं। वहां पर हर बात में बम विस्फोट होते हैं। हम लोगों के माननीय गृहमंत्री बार-बार असम में जाकर कहते हैं, असम के एक मंत्री श्री पवन जी भी यहां बैठे हैं, बार-बार कहते हैं कि असम में, पूरे नॉर्थ-ईस्ट में शांति है। लेकिन आज असम में इतनी किडनैपिंग हो रही है, कोई घर से बाहर निकला, किसी के पास ज्यादा पैसा है, तो उसे किडनैप करके ले जाते हैं। डाक्टर्स को किडनैप करते हैं, टीचर्स को किडनैप करते हैं, बिजनेसमैन लोगों को किडनैप करते हैं। वहां लोग मरते है, जैसे गाय-भैंस या कुत्ते मरते हैं, वैसे लोगों को मारते हैं और लोग मरते हैं। नॉर्थ-ईस्ट की बात मैं क्या करूं, इसमें कहने की भी कोई बात नहीं है क्योंकि खुद प्रधानमंत्री के घर के सामने बम विस्फोट हुआ है। दूसरी बात, जो काफी रिडीकुलस है कि होम मिनिस्टर के आफिस में जासूसी की कार्रवाई हो रही है। जब होम मिनिस्टर के आफिस में जासूसी हो रही है, तो बाकी क्या रहा, यह मैं होम मिनिस्टर से पूछना चाहती हूं। आम जनता क्या करेगी, बाकी मिनिस्टर्स क्या करेंगे? यहां पर दो मिनिस्टर्स मुश्किल से बैठे हैं और इनके घर में कितनी जासूसी हो रही है, यह भी मेरी जानकारी में नहीं है।

मैं एक अन्य बात मालदीव के बारे में कहना चाहती हूं। मालदीव में पहले जो सरकार थी, उसका भारत के साथ अच्छा संबंध था। अभी मालदीव की सरकार का परिवर्तन हुआ, इस परिवर्तन के बाद भारत के स्थिति क्या होगी, रिलेशन क्या होगा, इसका जिक्र कहीं पर नहीं है। मेरे ख्याल से यह न केवल डिप्लोमैटिक रिलेशन्स के लिए बहुत जरूरी है, बल्कि देश की सिक्योरिटी के लिए भी बहुत जरूरी है, लेकिन इसका इस भाÂ◌ाण में कहीं जिक्र नहीं है। शायद सरकार के लिए इसकी चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यहां पर जो दो-चार कांग्रेसी बैठे हैं, ज्यादा तो नहीं हैं, इनके बड़े-बड़े नेता भाÂ◌ाण देते हैं, आम जनता की बात करते हैं, किसान की बात करते हैं, किसान भारत की आत्मा हैं, देश गांवों में रहता है, लेकिन गांव के लोगों की दुर्दशा-दयनीयता क्या है, शायद इन लोगों को जानकारी नहीं है। अभी किसान अपनी जमीन बेच रहा है, असम में तो किसान को जमीन बेचने के लिए सरकार मजबूर कर रही है क्योंकि वह जमीन सरकार किसी बिजनेसमैन को देना चाहती है और सारे देश में किसान जमीन बेचना चाहते हैं क्योंकि वे लोग अपने खेत में जो पैदा करते हैं, चाहे वह धान हो या गेहूं हो, उसका सही प्राइस नहीं मिलती है। वे लोग जो खर्चा करते हैं, वह खर्च नहीं मिलता है, तो परिवार के पोषण के लिए वे जमीन बेच देते हैं और किसानों ने खेती करना बंद कर दिया है। कई माननीय सदस्यों ने इसके बारे में जिक्र किया है। सबसे दुख की बात है कि एक्सीलरेटेड इरिगेशन डेवलपमेंट के लिए जो धनराशि जाती है, कई हजार करोड़ हर राज्य में धनराशि जाती है। हर राज्य में एआईबीपी के तहत काफी धनराशि जाती है, लेकिन वह धनराशि कैसे खर्च होती है? कुछ मंत्री की

जेब में जाती है, ऑफिसर की जेब में जाती है, कुछ कांट्रैक्टर की जेब में जाती है, लेकिन वह कृÂाक के खेत तक नहीं पहुंचती है। यह बहुत दुख की बात है। इसके साथ ही मैं एक बात और कहना चाहती हूं। असम में नदी बांध का विरोध हो रहा है। इसलिए विरोध हो रहा है कि अरूणांचल के पहाड़ बहुत सॉफ्ट हैं। सेकण्डली, ये भूकम्प प्रभावित हैं, वहां भूकम्प रेगुलरली आते हैं। इसलिए वहां बहुत खतरा है। वहां पर दो-एक बांध हैं, एक बांध का नाम है - रंगा नदी बांध। वह धंस गया था, तो उससे तीन जिलों में इतनी बड़ी बांध आई थी कि लोगों के खेत और घर आदि सब खत्म हो गए थे। इसलिए बिना साइंटिफिक एनालिसिज़ बड़ी नदियों पर जो बांध बनाए जा रहे हैं, वे किसके लिए बना रहे हैं, लगता है सिर्फ बड़े ठेकेदारों के लिए या जो फार्म वाले बड़े लोग हैं, उनके लिए बनाने जा रहे हैं। यह एक चिंता की बात है।

मैं किसानों की बात कह रही हूं। देश में जिन राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारें हैं, जैसे गुजरात है, मध्य प्रदेश है, वहां हमारी पार्टी की सरकारें हैं, वहां किसानों को एक प्रतिशत ब्याज दर पर लोन दिया जाता है। अगर कांग्रेस शासित राज्य सरकारें भी ऐसा करें तो देश में किसानों की काफी उन्नति होगी और किसानों को अपनी जमीन बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

असम में काफी भ्रÂाटाचार है, मैं इसका ज्यादा उल्लेख नहीं करना चाहूंगी, लेकिन मैं अरुणाचल प्रदेश की बात कहना चाहूंगी। अरुणाचल प्रदेश में अभी 148 पावर प्रोजेक्ट्स का एमओयू साइन हुए हैं। इनमें से 120 प्रोजेक्ट्स प्राइवेट प्लेयर्स को दिए हैं। मैंने खुद देखा है और हमारे साथ भूतपूर्व सांसद किरीट सोमैया जी भी थे। हमने जाकर देखा कि वहां सिर्फ नाम की फार्मिंग है, उन लोगों का कोई आफिस तक नहीं है। इतने एमओयू साइन हुए हैं, लोगों को डर है कि पब्लिक टायलेट में लोग जाते हैं और पानी यूज़ करते हैं कि कहीं इसे भी प्राइवेटाइज करके ठेकेदारों को खुश करने के लिए न दे दिया जाए। अरुणाचल प्रदेश की सरकार दिल्ली सरकार यानि केन्द्र सरकार को फालो करती है इसलिए वहां भी भ्रÂष्टाचार है। लोगों का क्या होगा, इसकी किसी को चिंता नहीं है। सिर्फ एमओयू साइन करते जा रहे हैं, पावर आए या न आए, विकास हो या न हो, इसकी कोई चिंता नहीं है।

हमारे वहां शहरों में रहने वाले गरीबों की हालत काफी खराब है। वहां पर हरिजन लोग जो सीवरेज का काम करते हैं, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट का काम करते हैं, उनके पास अब यह काम भी नहीं रहा, क्योंकि यह काम राज्य सरकार बड़े-बड़े ठेकेदारों को दे रही है। ये लोग अपनी-अपनी जगहों से लोग वहां लाकर इस काम को कराते हैं इसलिए वहां के जो गरीब लोग सीवरेज का काम करते थे, उनके पास कोई काम नहीं है, वे बेकार है। मैंने अपने संसदीय क्षेत्र में खुद देखा है इन लोगों को भीख मांगते हुए। इसलिए मैंने इसका यहां जिक्र किया है।

राÂष्ट्रपति जी के अभिभाषण में वीवर्स के लिए राहत की बात कही गई है। लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि वीवर्स को कोई राहत अभी तक नहीं मिली है। वीवर्स असम में एक कल्चर के समान है और वहां ऐसा माना जाता है कि हर औरत को वीविंग का काम आना चाहिए। मैं खुद इस काम को जानती हूं। जो औरत या लड़की को वीविंग नहीं आती, पहले के समय में उसकी शादी भी नहीं होती थी, ऐसा वहां कहा जाता है। लेकिन अभी थोड़ा बदलाव आया है, फिर भी यह जरूरी है, क्योंकि यह एक काटेज इंडस्ट्री है और घर-घर फैली हुई है। घर-घर का सदस्य बाहर सर्विस ढूंढ़ने नहीं जाता, घर में ही ये लोग कपड़े बुनकर पहनते हैं और बेचते हैं और परिवार का गुजारा चलाते हैं। इस कारण यह उद्योग वहां काफी प्रचलित है। लेकिन आज यह उद्योग भी खत्म होने के कगार पर है। सारे नार्थ-ईस्ट में लूट ही लूट मची हुई है, लूट लो जितना लूटना हो, यही हो रहा है, और कुछ नहीं।

आज करोड़ों की तादाद में इस देश में युवा वर्ग बेरोजगार है। इनके लिए कोई जिक्र नहीं है कि ये क्या करेंगे, इनका भविÂष्य क्या होगा। एक माननीय सदस्य ने अपने भाषण में जिक्र किया कि भारत का करीब 25 लाख करोड़ रुपया कालेधन के रूप में विदेशों में जमा है। उस पैसे को यहां लाकर देश की कैसे तरक्की की जा सकती है, इसका भी कोई उल्लेख राÂष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं है, यह भी दुख की बात है। भारत की प्रतिÂष्ठा विश्व में इस बात को लेकर घटती जा रही है। देश की जनता जानना चाहती है कि जब इतना कालाधन विदेशों में हमारा है, तो हम उसे क्यों नहीं भारत लाते, किस कारण नहीं लाते, किसका इसमें फायदा है? मैं प्रधान मंत्री जी से और यहां मौजूद मंत्रियों से निवेदन करना चाहती हूं कि वे इस पर ध्यान दें कि हमारे देश का 25 लाख करोड़ रुपया कालेधन के रूप में विदेशों में जमा है, वह तुंत यहां लाकर देश के विकास में लगाएं।

18.00 hrs.

जो एक्स्ट्रीमिज्म, एक्सटोर्शन और किडनैपिंग की बात मैं कर रही हूं, उसके कारण आर्थिक विकास नहीं हो रहा है। यह नार्थ-ईस्ट के लिए भी बात है और इसे जितनी जल्दी समाप्त किया जाए, उतना अच्छा है।

The force of extremism is still going on. You had seen the picture in the recently concluded elections in the North Eastern Region. I would like to mention about China, which is knocking at the border in North-Eastern Region, Arunachal Pradesh, and other parts also.

सभापति महोदय : सभा की सहमति हो तो एक घंटा समय बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य : हां, हां।

श्रीमती विजया चक्रवर्ती : हम लोग कितने तैयार हैं, हम जानते नहीं हैं। बार्डर पर चाइना की अच्छी रोड है, अच्छा एयरशिप है एवरीथिंग है। But in our side, in Arunachal Pradesh, I have been there. वहां पर कुछ भी नहीं है। यह बहुत चिंता का विषय है। साथ ही ब्रह्मपुत्र नदी का डायवर्सन भी चीन करने जा रहा है, इसका भी मैं जिक्र करना चाहती हूं। इसका उल्लेख यहां पर नहीं है। अगर ब्रह्मपुत्र का डायवर्सन हो गया तो सारा नार्थ-ईस्ट सूख जाएगा। भारत की असम साइड की भूमि बंगला देश को गिफ्ट की तरह हम देने जा रहे हैं। Jawaharlal Nehru, when he was the Prime Minister, had donated the beautiful Kabaw Valley of Manipur to U Nu, the then Prime Minister of Burma, now, Myanmar. So, in this way, I would like to know whether this Government is going to give the entire Assam, North-Eastern Region, to any foreign country. It is a matter of great worry because Parliament has not been consulted.

Infiltration is still going on unabated. Bangladeshis are still coming. On 9th of this month, 10 Bangladeshis are arrested. All the border forces and CRPF are not at all in a position to control the infiltration of Bangladeshis, who are crossing over to

our country. मैं अब राजीव गांधी ड्रिंकिंग मिशन प्रोग्राम और एनआरएचएम के बारे में कहना चाहती हूं। ये सिर्फ नाम पर हैं काम के नहीं हैं। असम में एनआरएचएम का पैसा बांस खरीदने में लगाया गया है, इस बात को सभी जानते हैं। कहीं पर अस्पताल है तो डाक्टर नहीं हैं, डाक्टर हैं तो मैडीसन नहीं हैं। जो मैडीसन मिलती भी है तो ऐसी होती है कि अगर आपको बुखार है तो वह मैडीसन खाने से आपको टाइफाइड हो जाएगा और अगर आपका पेट गड़बड़ होगा तो थोड़ी सी मैडीसन खाने पर आपको कोलरा से जाएगा। ऐसी हालत मैडीसन की है। राÂष्ट्रपति के अभिभाषण से जितनी लोगों को उम्मीद थी वह पूरी नहीं हुई है। यह कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

*श्री देवजी एम.पटेल (जालौर) : राÂष्ट्रपति जी का भाषण एक तरफ से सरकार का दस्तावेज होता है, आगामी वर्ष का कार्यक्रम और रूपरेखा होती है। इस भाÂषण में गरीब, किसानों की खेती में अरूचि, मजदूरों, बेरोजगार युवकों पर विशेÂा कुछ नहीं है। मनरेगा, एनआर एचएम, साक्षरता अभियान, राÂष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना में भारी अनियमितता है। आज आम आदमी की सरकार किसानों की खुशी से खिलवाड़ कर रही है। भारत कृषि प्रधान देश है, यह मात्र कहावत नहीं होकर सच्चाई है। कृषि योग्य भूमि, फसलानुकूल ऋतु चक्र तथा परोपकारी भाव से मेहनत करने वाले किसानों के परिवार भारत के अलावा अन्य किसी भी देश में नहीं हैं। कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण करने में सरकार विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखती है, जिसमें (क) उत्पादन लागत, (ख) कृÂिष में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के मूल्यों में परिवर्तन, (ग) कृÂिा में प्रयुक्त होने वाली सामग्री व उत्पादन समानता, (घ) बाजार मूल्यों की प्रवृति, (च) मांग व आपूर्ति स्थिति, (छ) अंतर फसली मूल्य समानता, (ज) औद्योगिक लागत संरचना पर प्रभाव (झ) सामान्य मूल्य स्तर पर प्रभाव, (ट)जीवन स्तर मूल्य सूचकांक पर प्रभाव, (ठ) अंतर्राÂष्ट्रीय मूल्य स्थिति, (ड) किसानों द्वारा प्रदत्त एवं प्राप्त मूल्यों के बीच समानता। इतने ज्यादा पैमानों पर कृÂिष उपज का समर्थन मूल्य तय किया जाता है। किसानों के अतिरिक्त अन्य कोई भी दुनिया का उत्पादक अपनी वस्तु के मूल्य निर्धारण में इतने पहलुओं को स्वीकार करना तो दूर, यदि उसे इन पहलुओं के अनुसार मूल्य निर्धारण का सुझाव भी दिया जाए, तो या तो वह विद्रोह कर देगा या उत्पादन बंद कर देगा। दूसरी ओर, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर असंतोÂष और उसका क्रियान्वयन कांटे की तरह चुभने वाला महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसके कारण किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी कम दामों पर बेचनी पड़ती है। न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषि उत्पादों का उचित मूल्य नहीं होकर मात्र गिरते को सहारा देने का विकल्प दिखाई पड़ता है, जिससे देश की लगभग 60 प्रतिशत जनता को वंचित करना उनकी व देश की खुशहाली के साथ खिलवाड़ ही है। कृषि अत्यधिक जोखिम भरा क्षेत्र है जिसमें फसलों की बुवाई से लेकर खलिहान तक निरंतर खतरे बने रहते हैं। किसानों को न्यूनतम 5000 रूपए प्रति परिवार मासिक आय सुनिश्चित करने को लक्ष्य बनाकर नीति तैयार करनी चाहिए। किसानों को अकुशल व अंशकालिक मजदूरों की श्रेणी से हटाकर उसका श्रम निश्चित करने की आवश्यकता है। देशी बीज व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाए, राÂष्ट्रीय हित में कृषि योग्य भूमि अधिग्रहित करने से पूर्व उतनी ही भूमि कृषि योग्य बना कर देना अनिवार्य किया जाए।

इस सरकार का किसानों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार बहुत ही दुखद है, जिसका जीता जागता उदाहरण कृÂिष पर आधारित क्षेत्र जालौर, सिरोही है। पैरा 32 में किसानों को कृÂिष ऋण के लक्ष्य हासिल करने की बात कही गयी है लेकिन इस वर्ष प्रदेश के जालोर सिरोही जिले में शीतलहर व पाले से यहां की अरण्डी, सरसों, जीरा तथा वरियाली आदि फसलें पूर्णतः नÂट हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने उर्वरक खरीदे हैं, इसलिए किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न स्तरों से आर्थिक ऋण तथा अन्य उपकरण की व्यवस्था किसानों द्वारा स्वयं के स्तर से की गई है, जिसे फसल नÂट होने के कारण चुकाना भी मुश्किल लग रहा है। सरकार और बीमा कंपनी शीतलहर व पाले को प्राकृतिक आपदा नहीं मानती है। ऐसे में किसानों का ऋण चुकाना तो दूर की बात है, वे आत्महत्या करने को मजबूर हैं। राÂष्ट्रपति जी के भाषण में पैरा 34 में किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता की सूचना एसएमएस इंटरनेट और टेलीफोन पर देने की बात कही गई है, लेकिन किसानों को यूरिया की कालाबाजारी से झूझना पड़ रहा है। अंकित मूल्य से दुगुना दाम देने पड़ रहे हैं। कालाबाजारी रोकने के लिए किसानों द्वारा खेतीबाड़ी का काम छोड़कर 40 दिन तक धरना देने के बावजूद दोÂषी अधिकारियों एवं डीलर्स के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है । ऐसे में किसान उन कालाबाजारियों के हाथों लुटा जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। पैरा 33 में सरकार सिंचाई की सृजित क्षमता को बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ जालोर सिरोही संसदीय क्षेत्र में नर्मदा नहर प्रोजेक्ट का लोग पिछले पांच साल से इसका इंतजार कर रहे हैं। यह परियोजना 2004 में प्रारम्भ हुई परंतु सरकार की लापरवाही के कारण परियोजना अधर में अटकी है। इस परियोजना के पूरा नहीं होने के कारण अतिरिक्त पानी को लुनी नदी में छोड़ दिया जाता है जिससे पानी की बर्बादी होती ही है साथ ही बाढ़ के कारण किसानों की फसलें भी नÂष्ट हो जाती हैं। दूसरी तरफ, सालेगांव बांध परियोजना को कुछ रसूकदार लोगों की जमीन होने की वजह से बंद कर दिया गया है। जिससे माउट आबू में पेयजल और किसानों को सिंचाई के पानी की किल्लत हो गई है। पैरा 14 में सरकार अध्यापक शिक्षण एवं फैक्लटी विकास की बात कर रही है लेकिन जालोर सिरोही जैसे शिक्षा की दÂिष्ट से पिछड़े क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में मात्र एक अध्यापक ही कार्यरत है एवं जालोर जिले के 43 राजकीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जिनका खुद का अलग से भवन नहीं है। कई विद्यालय तो भवन के अभाव में खुले आसमान के नीचे चल रहे हैं। आहोर में 6 विद्यालयों के पास अपना भवन नहीं है, भीनमाल में 9, रानीवाडा में 3, सांचौर में 15 विद्यालय अपने भवन का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में किसान का बेटा कैसे पढ़ेगा और इंटरनेट पर या एमएमएस पर जानकारी कैसे लेगा। पैरा 20 में स्वास्थ्य बीमा योजना की बात कही गई है जबकि स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बीपीएल परिवार के सदस्यों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु राÂष्ट्रीय आरोग्य निधि की स्थापना की गई। लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र में किसी भी अस्पताल में जितने पद हैं उसके आधे भी डाक्टर नहीं हैं। ऐसी परिस्थिति में

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कही गई बात कहाँ तक योग्य है। ये सरकार को सोचना चाहिए। राजस्थान में बीपीएल परिवार को इस योजना के 10 वÂाों में केवल 7 करोड़ 51 लाख रूपये की राशि ही स्वीकृत की गई है। धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज): सभापति महोदय, राÂष्ट्रपति जी के अभिभाÂषण पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मुझे भी जल्दी है और हमारी पार्टी का समय भी कम है, इसलिए मैं बहुत संक्षेप में अपनी बात कहने की कोशिश करूंगा। कल से लगातार मैं सभी सदस्यों के विचार सुन रहा हूं और राÂष्ट्रपति के अभिभाषण को भी हमने पढ़ने और समझने की कोशिश की है। लेकिन इस भाÂाण से जोकि सरकार की नियति और नीयत को दर्शाता है, इससे देश के किसी भी वर्ग के लिए कोई अच्छा संदेश निकलकर नहीं गया है।

मैंने कभी एक शेर पढ़ा था - " दर्द होता है मगर जाने कहां होता है। आप मत पूछिए दर्द की हालत मुझसे, एक जगह हो तो बता दूं कि यहां होता है।"

18.05 hrs.

(Shrimati Sumitra Mahajan *in the Chair*)

हम जब देश की सीमाओं पर नजर डालते हैं तो दर्द होता है। जब आंतरिक सुरक्षा की तरफ नजर डालते हैं तो दर्द होता है। जब भ्रÂष्टाचार की तरफ नजर डालते हैं तो दर्द होता है। जब किसानों की स्थिति पर विचार करते हैं तो दर्द होता है। जब शिक्षा की तरफ देखते हैं तो दर्द होता है। जब स्वास्थ्य सेवाओं की तरफ देखते हैं तो वहां भी दर्द होता है और जब नौजवानों की हालत देखते हैं तो दर्द होता है। चारों तरफ दर्द ही दर्द है। इसीलिए मैंने कहा कि दर्द होता है, मगर जाने कहां होता है, एक जगह हो तो बता दूं कि यहां होता है। हमारी सरकार राÂष्ट्रपति जी के भाÂषण के माध्यम से देश को कुछ संदेश देना चाहती थी, लेकिन मैं मानता हूं कि वह संदेश देने में सरकार विफल रही है। मैं तमाम योजनाओं की बात करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, इसलिए मैं केवल मनरेगा योजना की बात आपके सामने रखना चाहूंगा। इस योजना ने जो गांव में बैठा सीधा-साधा आदमी था, उसे भी भ्रÂष्टाचारी बनाने का काम किया है। सरकार की नीयत खराब नहीं है, लेकिन सरकार को विचार करना चाहिए। अभी उत्तर प्रदेश में चुनाव हुआ है और ग्राम पंचायत का भी चुनाव हुआ है। ग्राम पंचायत के चुनाव मनरेगा योजना के कारण कितने मंहगे हुए हैं, इस बात को कहा नहीं जा सकता है। आज गांव में बैठा हुआ आदमी भी भ्रÂष्ट हो गया है। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। आज देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी है, लेकिन हम जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तरफ देखते हैं, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना की तरफ देखते हैं तो हम देखते हैं कि जहां गांव में लड़के इंजीनियरिंग करके, छोटी-मोटी पूंजी से काम करना चाहते हैं तो वहां सरकार के अधिकारी कुछ ऐसा कानून बनाते हैं कि कोई छोटा आदमी इस काम में भागीदारी न कर सके। बड़ी-बड़ी कम्पनियां जाकर पूरे प्रदेश का ठेका लेती हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि गांव में विद्युतीकरण के लिए कौन सी टैक्नोलॉजी की जरूरत है। उसमें खम्भे, तार और ट्रंसफार्मर की जरूरत है। इससे गांव में बैठा हुआ आदमी जिसने इलैक्ट्रानिक्स में इंजीनियरिंग की हुई है, वह काम नहीं पाता है और बेरोजगारी की बात होती है। मेरा सरकार और उसमें बैठे हुए अधिकारियों के ऊपर आरोप है कि इन्होंने बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया है। यही हाल इन्होंने सड़कों में किया है। आज इंजीनियरिंग करके लड़के बेकार घूम रहे हैं। बड़ी-बड़ी कम्पनियों के लिए कहा गया कि जिसने पचास करोड़ रुपए का काम किया होगा, वह इसमें क्वालीफाई करेगा। यदि कोई विद्यार्थी निकलता है तो वह पचास करोड़ रुपए का काम कैसे करेगा? उनको मौका नहीं दिया जाता है। आज वह पढ़ा-लिखा विद्यार्थी, आईटीआई इंजीनियर मजदूरी करने के लिए बेबस है, मजबूर है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि देश की समस्याएं अनगिनत हैं।

लेकिन एक समस्या-बढ़ती हुई आबादी के तहत मैं बात करना चाहता हूं कि बढ़ती हुई आबादी के प्रति किसी को चिंता नहीं है। मैं संजय गांधी को सलाम करना चाहता हूं जो इस समय हमारे बीच में नहीं हैं। जिस समय 1976 में एमर्जेंसी लगी थी, उन्होंने दो कार्यक्रम बड़े जोरदार ढंग के चलाये थे- एक नसबंदी और दूसरा वृक्षारोपण। लेकिन 1976 के बाद 1977 में जब चुनाव हुआ तो कांग्रेस पार्टी हार गई और लोगों ने कह दिया कि संजय गांधी ने नसबंदी का कार्यक्रम चलाया था, इसलिए कांग्रेस पार्टी हार गई।

मैं आपसे कहना चाहता हूं जीवन भागने का नाम नहीं है। जीवन लड़ने का नाम है। बढ़ती हुई आबादी, बढ़ती हुई जनसंख्या हमारे देश की समस्या है और इस समस्या से कई समस्याएं पैदा होती हैं। इससे भागने की जरुरत नहीं है। इससे लड़ने की जरुरत है और मैं फिर उस शख्स को सलाम करना चाहता हूं जो आज हमारे बीच में नहीं है। वो लड़ रहा था, वो संघÂाऩ कर रहा था लेकिन लोगों ने बदनाम कर दिया कि उसके कारण सरकार चली गई। अभी उत्तर प्रदेश के चुनाव की बात हो रही थी। मैं कांग्रेस पार्टी के लोगों से और इधर के लोगों से भी कहना चाहता हूं कि इधर के लोग भी कहते थे मैं सरकार बनाऊंगा और उधर के लोग भी कहते थे मैं सरकार बनाऊंगा।...(व्यवधान) मैं आलोचना नहीं कर रहा हूं। मैं बात कर रहा हूं।

सभापति महोदय : पहले ही समय कम है। आप अपनी बात कहिए।

श्री बृजभूषण शरण सिंह : इधर के लोग भी कहते थे कि मैं सरकार बनाऊंगा और इधर के लोग भी कहते थे कि मैं सरकार बनाऊंगा। लेकिन समाजवादी पार्टी कहां गई? नौजवानों के पास गई, रिक्शा वालों के पास गई, विद्यार्थियों के पास गई, पढ़ने-लिखने वाले बच्चों के पास गई कि हम तुम्हारी पढ़ाई की व्यवस्था करेंगे। रिक्शा वालों से कहा कि हम तुम्हारे लिए रिक्शा की व्यवस्था करेंगे। किसानों से कहा कि हम तुम्हारे लिए सुविधा देंगे और जनता ने सबको नकार दिया। मैं खड़ा हूं तो मैं तारीफ करने के लिए नहीं खड़ा हूं लेकिन देश की नब्ज को पहचानिए। देश के दर्द को जानिए। देश क्या चाहता है? न आप पर भरोसा किया और न ही आप पर भरोसा किया। सबने कोई कसर नहीं छोड़ रखी थी। आज देश निराश है। नौजवावन निराश है।

एक दिन मैं एक गांव में गया। वहां क्रिकेट का खेल हो रहा था। वहां 5000 लोगों की भीड़ थी। एक मंत्री जी थे। उन्होंने मुझसे कहा कि नेता जी, देखिए, यह खेल कितना लोकप्रिय है। हमने कहा माननीय मंत्री जी, यह खेल लोकप्रिय नहीं है। यह बेरोजगारों की भीड़ है और मैं जब अपना भाÂषण देने के लि खड़ा हुआ तो मैंने कहा कि मित्रों, हमारे मंत्री जी कह रहे थे क्रिकेट गांव का बहुत लोकप्रिय खेल है। लेकिन मैंने इनसे कहा कि यह बेरोजगारों की भीड़ है। मैंने कहा कि जो अपनी दुकान बंद करके आए हों, जो अपना खेती का काम बंद करके आए हों, वो जरा हाथ उठा दीजिए। एक भी हाथ नहीं उठा। मैं कहना चाहता हूं कि इस देश के नौजवानों के पास इस समय काम नहीं है। आपको विचार करना होगा कि कैसे काम पैदा किया जाए? कैसे भरोसा पैदा किया जाए और तब जाकर इस देश की तस्वीर बदल सकती है। यह देश किसी एक के कारण पीछे नहीं गया या एक दिन में पीछे नहीं गया है। आगे भी गया है। ऐसा नहीं है कि आगे नहीं गया है, आगे भी गया है और बहुत आगे गया है लेकिन आज जरुरत है भरोसा पैदा करने की। आज गांवों में बैठे हुए लोगों के दिल में और किसानों में भरोसा पैदा करने की जरुरत है। अगर मैं यह सब कहूंगा तो समय लम्बा हो जाएगा। लेकिन देश के अंदर जो नीचे बैठे हुए लोग हैं, उनकी हालत बहुत अच्छी नहीं है और सरकार को इस जनादेश को आदेश के रूप में लेना चाहिए और यह मानना चाहिए कि सरकार के कार्यक्रम कहीं न कहीं असंतोÂष पैदा कर रहे हैं। इसी से नतीजा निकाल लेना चाहिए कि अगर इधर के लोग आना चाहते हैं या इधर के लोग फिर आना चाहते हैं तो इस कार्यक्रम पर पुनर्विचार करना चाहिए और जो लीकेज है, उसे बंद करना चाहिए।

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): सभापति महोदया, महामहिम राÂष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार के विचारों को लेकर आया है। अभिभाषण में देश के हर बिंदु को लेकर सरकार की मंशा प्रस्तुत की गई है। सरकार ने अभिभाषण के माध्यम से पांच चुनौतियों को स्वीकार किया है जिसमें आजीविका सुरक्षा, गरीबी, भूख और निरक्षरता समाप्त करना, आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, पर्यावरण को जोखिम में डाले बिना विकास दर हासिल करना, आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

इस देश में तीन तरह के आदमी हैं, एक मुंह चलाकर खाने वाला जीने वाला आदमी, दूसरा कलम चलाकर जीने वाला खाने वाला आदमी और तीसरा जांगर चलाकर जीने वाला खाने वाला आदमी। सरकार गरीबी, भूख और निरक्षरता को समाप्त करना चाहती है। जब हम छोटे थे तो हमारे बुजुर्ग कहते थे - खाने बिना मरता कौन है, खाने बिना होशियार नहीं मरता है केवल गंवार मरता है, बुरबक गुरबत मरता है। ऐसा भोजपुरी में कहा जाता है। जब यही सत्य है कि होशियार खाने बिना नहीं मरता केवल गरीब ही खाने बिना मरता है, गंवार ही खाने बिना मरता है तो आखिर हम आज तक आजादी के 65 वÂाों बाद गंवारपन को क्यों नहीं खत्म कर पाए? इस पर सरकार की मंशा साफ नहीं दिखती है। एक तरफ हमारे देश में एकादशी के दिन सूपा पीटकर दलिद्र भगाया जाता है। इस दिन गांव में हमारी माताएं और बहनें घर का टूटा हुआ सूप लेती हैं, एक छड़ी लेती हैं और गांव के शिवान पर लेकर जाती हैं और कहती हैं - दलिद्र भागो और लक्ष्मी आओ। मैं उस गरीब की हालत बयान करना चाहता हूं जो जांगर चलाकर खाने वाला आदमी है, जीने वाला आदमी है, जब उसकी बेटी जवान हो जाती है तब वह दस रुपए सैंकड़ा कर्जा लेता है तब शादी होती है। उसका घर नहीं बन सकता। उसका जवान बेटा बीमार हो जाता है तो पैसे के अभाव में तड़प कर मर जाता है। यह हालत जांगर चलाकर खाने वाले आदमी की है। मैं कहना चाहता हूं कि जो कलम और मुंह चलाकर खाने वाला आदमी है उसने जनसंख्या वृद्धि रोक ली। उसके लिए कोई प्रोग्राम नहीं बने हैं। उसने अपने अंदर से अशिक्षा भगा दी, अंधविश्वास भगा दिया। उनके यहां कहीं भी संक्रमण की बीमारियां नहीं हैं। अगर सबसे अधिक जनसंख्या कहीं वृद्धि हो रही है तो जांगर चलाकर कमाने वाला आदमी के यहां हो रही है। अगर कहीं सबसे ज्यादा अधिक अशिक्षा और अंधविश्वास है तो वह यहीं है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर ईमान साफ है तो सरकार इस देश में सबसे पहले जितनी भी योजनाएं बनाई हैं सारी योजनाओं में इस देश के गरीब और गंवार लोगों को ''होशियार बनाओ'' आंदोलन से जोड़े तो वे खाने के बिना नहीं मरेंगे।

इस देश में कभी जातिवाद की बात होती है, कभी धर्मवाद की बात होती है। ये सब झूठ है, थोथा है। इस देश में केवल दो वाद हैं, एक अज्ञानवाद है और दूसरा ज्ञानवाद विज्ञानवाद है। देश के जिन लोगों ने विज्ञानवाद का सहारा लिया उनकी बात बन गई और जिन्होंने अज्ञानवाद का सहारा लिया उनकी बात नहीं बनी। मैंने अभिभाषण में एक चीज देखी, हमारे यहां प्रथम सेंसेज अंग्रेजों ने कराया था, बहुत सी ऐसी जातियां हैं जो आज भी प्रदेश सरकारों में नोटिस में नहीं हैं। ये जातियां आजादी के 65 वÂाऩ के बाद नोटिस में आई और आज भी जाति प्रमाणपत्र के लिए तरस रही हैं। इस देश में बहुत सी जातियां हैं जिनकी माली हालत एससी और एसटी से भी खराब है। इन जातियों को किस श्रेणी में रखा जाए, इसके बारे में अभिभाÂाण में लिखा नहीं है। पूर्वांचल में राजभर, निशाद, चौहान आदि जाति है जो आज दाने-दाने के बिना मर रही है। वहां के लोग पैसे के अभाव में बेटी की शादी नहीं कर पा रहे हैं। वहां मजदूरी नहीं है। उनकी माली हालत का कोई इंतजाम नहीं है। किसान आत्महत्या कर रहा है।

यहां काले धन की बातें होती हैं। विदेश में हमारे देश के 25 लाख करोड़ रुपये जमा हैं, इस पर चर्चा हो गई। लेकिन हमारी ही राÂष्ट्रीय पूंजी, जो सभी धर्मों के धर्मालयों में रुपये जमा हैं, उसे आप क्या कहेंगे, क्या उसे कार्यशील पूंजी बनाने के लिए यह सरकार कोई उपाय करेगी? हम भ्रष्टाचार की बात करते हैं, हम भ्रष्टाचार को रोकना चाहते हैं। इस देश में एक ग्राम प्रधान है, बीडीसी का सदस्य है, जिला पंचायत का सदस्य है, क्षेत्र पंचायत का सदस्य है और कोटेदार है, सोचिये, हम उन्हें क्या देते हैं, फिर वह भ्रष्टाचार क्यों नहीं करेगा। सरकार एक कोटेदार को क्या देती है? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हम बच्चों की शिक्षा की बात करते हैं, लेकिन जो ईट-भट्ठे पर काम करने वाला बच्चा है, एक तरफ हम अपने देश के आईसीएस और सीबीएसई बोर्ड में मार्च और अप्रैल महीने यानी तीन महीने पहले एडमिशन करते हैं, लेकिन जो गांव के बच्चे हैं, उनके एडमिशन जुलाई में करेंगे। इस तरह से हमने देश के एक बड़े वर्ग के बच्चों को तीन महीने पीछे कर दिया। हम आज तक बीपीएल सूची तक नहीं बना पाये।

महोदया, आज कृषि की बात होती है। हमारे संसदीय क्षेत्र के भाटपार विधान सभा क्षेत्र में हल्दी मसाले का उत्पादन होता है, इसके अलावा हमारा संसदीय क्षेत्र का सिकंदरपुर, जो पूरे विश्व को इत्र देने वाला क्षेत्र है, आज वहां इत्र का कारखाना बंद पड़ा हुआ है।

इसके अलावा हम आज तक इस बात की मांग करते रहे कि भोजपुरी भाÂाा को सम्मान दिया जाए। लेकिन आज तक इस भाÂाा को उचित सम्मान नहीं दिया गया। मैं कहना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र और पूर्वांचल के गोरखपुर में एक खाद का कारखाना था, लेकिन आज तक वह कारखाना नहीं चला। इस अभिभाÂाण में भ्रष्टाचार रोकने के लिए तर्क दिया गया है कि मानवीय हस्तक्षेप कम करके ही भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है। हमारे यहां एक तरफ कर्मचारियों की कमी है और दूसरी तरफ बेरोजगार नौजवानों की फौज मौजूद है। परंतु यदि हम नौजवानों को बेरोजगार करके और कर्मचारियों में कमी करके भ्रष्टाचार को रोकना चाहते हैं तो यह संभव नहीं है। यदि चरने वाले ज्यादा होंगे और रखाने वाले कम होंगे तो निश्चित तौर पर हम भ्रष्टाचार को नहीं रोक सकते हैं।

महोदया, आपने मुझे राÂष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

DR. KAKOLI GHOSH DASTIDAR (BARASAT): Madam, Chairman, Her Excellency, the *Rashtrapati Mahodaya* followed convention and addressed the Joint Houses of Parliament, but it appears that the multiple shortcomings of this present Government were overlooked.

In her speech, she requested the Houses to be productive. We have seen this morning how the House had to be again adjourned because certain hon. Members were demanding that the coal supply be made normal. Now, I agree with them because this country is facing an acute shortage of coal and the electricity that is being produced from coal is going to be disturbed; the supply is going to be disturbed.

It is known that some States have coal storage for coming two days and some have no coal in their stores at all. A country, which is being thought to be thriving forward and going ahead in leaps and bounds, has to take care of the power sector. So, this possibly has been overlooked. The State like West Bengal, from where the coal is distributed to the rest of the nation and outside, is not being paid the royalty over the coal. So, we in West Bengal, have been facing a dire shortage of fund.

When this Government took over, we had a debt-trap of Rs. 2,03,000 crore on us which is like a death-trap to the people. Every person, even the little child, the little infant born today, would have Rs. 21,000 debt on his head. This has been allowed to happen by the Union Government because every time loan was allowed, debt was allowed since 2001 to 2010 when the previous Government was there. During that time, the debt accumulated along with the interest. Now, every year Rs. 22,000 crore has to be paid back to the Union Government. The FRBM was also not imposed, it was not passed. It was only passed in June, 2010, so that we cannot even take any borrowing in the present State Government to meet our requirements.

